● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 179, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 09 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



सोनिया से मिली ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 5

सीरीज हारने का मतलब दुनिया का अंत नहीं: रोहित 6



## मप्र में किये गये निवेश का मिलेगा बेहतर रिटर्न : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अपनी उद्यमशीलता, परिश्रम, व्यवस्थित कार्य पद्धति और मानव मूल्यों को समाहित करते हुए सबको साथ लेकर चलने की क्षमता के परिणाम स्वरुप ही, भारत विश्व में सदियों से सोने की चिड़िया के रूप में विख्यात रहा है। विश्व में हमारी यह पहचान भारत की उद्यमशीलता, बौद्धिकता, कल्पनाशीलता और व्यावसायिक निपुणता की परिचायक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उपलब्ध संसाधनों और बौद्धिक क्षमता के बल पर देश को विश्व की पहली 5 अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिलाया है, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और विजन का परिणाम है। इस उपलब्धि में उद्योगपतियों का भी विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव



बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्ट मध्यप्रदेश = इन्टरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अर्पोच्यूनिटीज इन मध्यप्रदेश के संवाद-सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैंगलुरू में इन्वेस्ट मध्यप्रदेश के दूसरे दिन इन्टरैक्टिव सेशन का दीप प्रज्जवल और तुलसी के पौधे में जल अर्पित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मणिपाल समूह के अध्यक्ष श्री मोहनदास पाई, ग्रीनको ग्रुप के अध्यक्ष श्री अनिल चलमाशेट्टी, लैप इंडिया के मुख्य परिचालन एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी डॉ. शिववेंकट रमानी साथ थे। मध्य प्रदेश सीआईआई के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक इन्फ़ोबींस लिमिटेड श्री सिद्धार्थ सेठी ने मध्य प्रदेश में निवेश के अवसरों और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डाला। उद्योगपतियों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए निवेश की सुविधाओं की जानकारी देती फिल्म-एडवांटेज-एमपी का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलते परिदृश्य में देश के सम्मुख अनुकूल अवसर होने के साथ चुनौतियां भी विद्यमान हैं। अपनी क्षमताओं के आधार पर यह विश्वास है कि हमारा भविष्य उज्ज्वल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में देश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उचित मार्गदर्शन, अद्यतन तकनीक के उपयोग, आगे बढ़ने की इच्छा शक्ति, लगन और परिश्रम के साथ नवीन अनुसंधान की परंपरा के बल पर भारत औद्योगिक केंद्र के रूप में विश्व में अपना स्थान बना रहा है। देश में आरंभ नवीन स्टार्ट-अप भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में पुरुषार्थ और पराक्रम की परंपरा रही है।

## बांग्लादेश के लोगों का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेशी नागरिकों के हितों की रक्षा को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि जहां तक भारत का सवाल है, बांग्लादेश के नागरिकों के हित हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता रखते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की पुन: स्थापना की उम्मीद रखते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार बांग्लादेश में हिंसा से जुड़ी खबरें अभी भी सामने आ रही हैं।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'विदेश मंत्री ने इस पर स्वत: संज्ञान लिया है। हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। हमें यह भी सूचना मिली है कि बांग्लादेश में कुछ समुदायों के द्वारा अल्पसंख्यकों की मदद की जा रही है। हम इन कदमों का स्वागत करते हैं लेकिन, हमारा जोर इस बात पर भी है कि बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था को पुन: स्थापित किया जाए। हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यह दोनों देशों के हितों की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है।'

बांग्लादेश में ताजा हालातों को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'वहां हालात फिर से पनप रहे हैं। मुझे जानकारी मिली है कि आज शाम को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का शपथ ग्रहण होगा। हमारे राजदूत भी भारत की तरफ से शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। जब ये सब चीजें हो जाएंगी, उसके बाद इस बात पर जोर दिया जाएगा कि भारत सरकार और भारत की जनता के के लिए बांग्लादेश के नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'विदेश मंत्री ने इस पर स्वत: संज्ञान लिया है। हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। हमें यह भी सूचना मिली है कि बांग्लादेश में कुछ समुदायों के द्वारा अल्पसंख्यकों की मदद की जा रही है। हम इन कदमों का स्वागत करते हैं लेकिन, हमारा जोर इस बात पर भी है कि बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था को पुन: स्थापना की जाए। हम यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यह दोनों देशों के हितों की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है।'

## दिल्ली पुलिस ने सड़कों पर आतंकियों के पोस्टर लगाए

**नई दिल्ली।** 78वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के चलते राजधानी दिल्ली में पुलिस समेत अन्य सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। गुरुवार (8 अगस्त) को दिल्ली पुलिस के जवानों ने खान मार्केट के पास अलकायदा और खालिस्तान से जुड़े आतंकियों के पोस्टर लगाए हैं।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को दिल्ली स्थित लाल किले से प्रधानमंत्री देश के नाम संबोधन देंगे। यह स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाला देश का सबसे बड़ा कार्यक्रम माना जाता है। ऐसे में सुरक्षाबल राजधानी के



चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रख रही है। सुरक्षा में जुटी पुलिस ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के चलते सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। ऐसे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए आतंकियों को पोस्टर लगाए जा रहे हैं।

दिल्ली पुलिस के कमिश्नर संजय अरोड़ा ने बुधवार (7 अगस्त) को बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक संकट के चलते पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधिकारियों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रह रहे और अपराध में शामिल बांग्लादेश के नागरिकों की पहचान करने को भी कहा है। ताकि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने एरिया में मोटर वर्कशॉप और गैराज से पता लगाएं कि क्या पिछले 10 दिनों में किसी वाहन में बदलाव किया गया है।

## चुनाव आयोग की टीम जम्मू-कश्मीर पहुंची

**श्रीनगर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर इलेक्शन कमीशन की टीम आज जम्मू-कश्मीर पहुंची है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत 3 चुनाव आयुक्त रीजनल और नेशनल पार्टियों के साथ मीटिंग करेंगे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में होने वाली मीटिंग के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी कांग्रेस और अन्य दलों के नेता पहुंचे हैं। इलेक्शन कमीशन की आज पुलिस अधिकारियों और सुरक्षाबलों के साथ भी बैठक होगी।

## वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पेश

### रिजिजू ने इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज लोकसभा में वक्फ कानून में संशोधन के लिए बिल पेश किया। रिजिजू ने बिल को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का भी प्रस्ताव रखा। इस बिल का कांग्रेस, सपा, एनसीपी (शरद पवार), एआईएमआईएम, टीएमसी, सीपीआई (एम), आईयूएमएल, डीएमके, आरएसपी ने विरोध किया। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल राव ने कहा- सरकार कम्युनिटीज के



बीच में विवाद पैदा करना चाहती है। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, इस बिल को लाकर आप (केंद्र सरकार) देश को जोड़ने का नहीं, बल्कि बांटने का काम कर रहे हैं। यह विधेयक इस बात का सबूत है कि आप मुसलमानों के दुश्मन हैं।

किरेज रिजिजू ने कहा- वक्फ एक्ट में पहले भी संशोधन हुए हैं। हम सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बदलाव कर रहे हैं। इस कमेटी को आपने (कांग्रेस) ही बनाया था। वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन बिल पास होने के बाद वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति को अपना नहीं बता सकेगा। अभी वक्फ के पास किसी भी जमीन को अपनी संपत्ति घोषित करने की शक्ति है। जमीन पर दावे से पहले उसका वेरिफिकेशन करना होगा। इससे बोर्ड की मनमानी पर रोक लगेगी।

## लोकसभा में अखिलेश यादव पर भड़के अमित शाह

**नई दिल्ली।** लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव सामने-सामने आ गए। अखिलेश यादव ने संशोधन विधेयक अपने संबोधन के दौरान लोकसभा स्पीकर अधिकारियों पर भी टिप्पणी की, जिससे यह स्थिति बनी। अखिलेश यादव ने संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह बिल संविधान के खिलाफ है। यह बिल कुछ लोगों के अधिकार छीनने के लिए लाया गया है।

## यूपी व बिहार में तेज बारिश का अलर्ट

### दिल्ली-एनसीआर में मौसम हुआ सुहाना

**नई दिल्ली।** गुरुवार को तेज बारिश होने से दिल्ली-एनसीआर का तापमान गिर गया है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि अगले चार-पांच दिनों तक तापमान 30 डिग्री के नीचे रहने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश व बिहार के कई जिलों में तेज बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र और गुजरात में लगातार हो रही बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

उत्तराखंड में कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। मौसम विभाग देहरादून, नैनीताल और चंपावल जिलों में बारिश की चेतावनी दी है। तेज बारिश होने की वजह से राज्य की 47 सड़कों पर आवागमन बंद है। ऐसे में लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। राजस्थान के कई जिलों में मौसम ने येलो अलर्ट की चेतावनी दी है। जयपुर, भरतपुर, धौलपुर, दौसा, झुंझनूं, करौली, सवाई माधोपुर व सीकर जिले में भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में लोगों को जरूरी काम के लिए घर से निकलने की चेतावनी दी गई है। केरल में बारिश ने सबसे ज्यादा तबाही मचाई है। 29 जुलाई को केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड होने से 400 लोगों की मौत हो गई।

## मप्र में राज्य सभा की एक सीट के लिए बीजेपी के कई दावेदार

### कांग्रेस से आए नेता भी दौड़ में शामिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा सदस्य चुने जाने से खाली हुई राज्य सभा की एक सीट के लिए तीन सितंबर को निर्वाचन होगा। राज्य सभा की इस सीट के बचे दो साल के कार्यकाल के लिए होने वाले चुनाव में भाजपा के कई दावेदार सक्रिय हो गए हैं।

सिंधिया के लिए सीट छोड़ने वाले केपी यादव के साथ पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया की भी दावेदारी बताई जा रही है। विधानसभा और लोकसभा के साथ राज्य सभा में एससी, एसटी और ओबीसी का पर्याप्त



प्रतिनिधित्व होने के कारण माना जा रहा है कि इस सीट पर किसी क्षत्रिय या ब्राह्मण चेहरे को भाजपा भेज सकती है।

राज्य सभा की एक सीट के लिए भाजपा के कई दावेदार हैं। साथ में कांग्रेस से आए सुरेश पचौरी और आदिवासी नेता पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी भी दावेदारी में हैं। ये दोनों ही नेता लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पार्टी का एक धड़ा दावा कर रहा है कि पचौरी को पार्टी ने राज्यसभा में भेजने का आश्वासन दिया था। एक संभावना यह भी है कि भाजपा दिल्ली से किसी नेता को मप्र से राज्यसभा में भेज दे।

गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से ज्योतिरादित्य सिंधिया अब लोकसभा सदस्य हैं। राज्य सभा में सिंधिया लगभग चार साल राज्य सभा सदस्य रहे हैं। वे ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने के बाद दोनों सदनों के सदस्य रहे हैं। पहली बार भाजपा ने सिंधिया को तब राज्य सभा में भेजा था, जब वे कांग्रेस के 22 विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हुए थे और कमल नाथ सरकार साल 2020 में गिर गई थी। इसके बाद हाल ही में पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव में भी उतारा।

## केरल में मिला दिमाग पर असर डालने वाला वायरस

**नई दिल्ली।** केरल में ब्रेन पर असर डालने वाले नए वायरस की पहचान हुई है। केरल सरकार ने इसका नाम अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस बताया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने 7 अगस्त की देर रात बताया कि जनवरी से अब तक वायरस के कुल 15 मामले सामने आए हैं। इससे 5 मरीजों की मौत हो चुकी है। उधर पुणे में भी जीका वायरस के दो महीने में सात और नए मामले सामने आए हैं। इनमें 6 प्रेग्नेंट महिलाएं शामिल हैं। केरल में अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस का सबसे पहला केस 2016 में आया था। इसके बाद 2019, 2020 और 2022 में एक-एक केस मिला था। इन सभी मरीजों की मौत हो गई थी। इस बीमारी में मरीज को बुखार, सिर दर्द, उल्टी और दिमागी दौरे पड़ते हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि नए वायरस को लेकर मेडिकल बोर्ड गठित किया गया है, जो मामलो पर नजर बनाए हुए है। हालांकि अब तक कोई गाइडलाइन नहीं बनाई गई है। लेकिन वायरस से इलाज के लिए केंद्र सरकार ने दवाइयों की आपूर्ति की है।

## दिल्ली कोचिंग हादसे की मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट सामने आई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से हुई 3 छात्रों की मौत के मामले में मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट सामने आई है। राजस्व मंत्री को सौंपी गई रिपोर्ट में राउ आईएएस बेसमेंट के गलत ढंग से उपयोग के आरोप लगाए गए हैं। जांच में एमसीडी और फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट की लापरवाही भी सामने आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग में हो रहे नियमों के उल्लंघन के बारे में एमसीडी और फायर बिग्रेड डिपार्टमेंट को पहले से जानकारी थी। इसके बाद भी विभागों की तरफ से कार्रवाई नहीं की गई।

पिछले साल अगस्त में दिल्ली के मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगी थी। इस के बाद राउ आईएएस की बिल्डिंग के बेसमेंट को गलत ठहराया गया था।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीआई (एम) नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य का गुरुवार (8 अगस्त) को निधन हो गया। पूर्व ष्टरूने 80 साल की उम्र में कोलकाता स्थित घर पर अंतिम सांस ली। बुद्धदेव बढ़ती उम्र से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे। उन्हें सांस लेने में भी दिक्कत थी।



पिछले कुछ समय से उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पिछले साल उन्हें निमोनिया भी हुआ था। लाइफ सपोर्ट पर रहने के बाद वे ठीक हो गए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मीरा और बेटी सुचेतना हैं। भट्टाचार्य ने सीपीआई (एम) की सरकार में 2000 से 2011 तक, 11 साल बंगाल सीएम का पद संभाला। 1977 से 2000 तक ज्योति बसु के नेतृत्व में सीपीआई (एम) की सरकार थी। लगातार 34 साल सत्ता में रहने के बाद 2011 में तृणमूल कांग्रेस ने कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता से हटाया था।

बुद्धदेव को पश्चिम बंगाल की औद्योगिक क्रांति के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2022 में पद्म भूषण लेने से इनकार कर दिया था। वे अपनी साधारण जीवनशैली के लिए जाने जाते थे। वे अब तक पाम एवेन्यू के उस दो बेडरूम वाले फ्लैट में ही रह रहे थे, जहां से वह कभी राज्य चलाते थे।

पश्चिम बंगाल की ष्टरू ममता बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट के जरिए बुद्धदेव भट्टाचार्य के देहांत पर दुख जताया।

## प्रदर्शन में घायल हुए पीसीसी चीफ पटवारी

### जांच की मांग को लेकर डीजीपी के पास पहुंचे कांग्रेसी नेता

**भोपाल।** इंदौर में प्रदर्शन के दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पुलिस से हुई झड़प में घायल हो गए थे जिसकी जांच की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता गुरुवार को डीजीपी से मुलाकात की है। जीतू पटवारी को सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की है। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व मंत्री संज्जन सिंह वर्मा, मप्र कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, विधायक आरिफ मसूद, प्रदेश कांग्रेस विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रभारी जेपी धनोपिया, महामंत्री संजय कामले, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल सहित अन्य कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गये



ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिक निगम, इंदौर में हुए करोड़ों रूपयों के घोटाले और भारी भ्रष्टाचार के विरोध में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में इंदौर के नगर निगम मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा था। प्रदर्शन उपरांत नगर निगम के अधिकारियों को ज्ञापन देने पटवारी सहित अन्य नेतागण एवं कार्यकर्ता जाने लगे तब पुलिस अधिकारियों द्वारा कांग्रेस नेताओं पर वाटर कैनन की बौछार की गई और बेरिकेट्स के पीछे छुपके बैठे पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस अधिकारियों के इशारे पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज कर उन्हें घायल कर दिया गया, जिसके वीडियो भी वायरल हुये, मीडिया द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चैनल्स पर भी दिखाया गया है एवं समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित हुये। नेतागणों ने पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि पुलिस ने बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाकर शांतिपूर्ण एवं गाधीवादी तरीके से चल रहे कांग्रेस पार्टी के आंदोलन को कुचलने का अनुचित कृत्य किया, जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेताओं के घायल होने के साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी भी घायल हो गए। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि प्रदेश में विपक्षी दल होने के नाते कांग्रेस पार्टी की महती जिम्मेदारी है कि वह आमजनों की मांगों को उठाते हुए भ्रष्टाचार रोकने, अन्याय रोकने एवं अनुचित करवृद्धि वापिस लेने की मांग करने का लोकतांत्रिक एवं प्रजातांत्रिक तरीके से पूर्ण अधिकार है। इंदौर में कांग्रेस पार्टी के नेतागण प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में उक्त प्रदर्शन कर रहे है थे, ऐसे में पुलिस का ऐसा अनुचित एवं हिंसात्मक कृत्य जिसमें वाटर कैनन की मार, लाठीचार्ज कर डण्डों से कार्यकर्ताओं को बेरहमी से पीटा गया। पुलिस द्वारा किया गया यह कृत्य निंदनीय और तानाशाही का प्रमाण है।

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की विशेष तैयारी बैठक सम्पन्न

**सिंगरौली।** आगामी 11 अगस्त से भारतीय जनता पार्टी अखिल भारतीय स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। उसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली की विशेष तैयारी बैठक जिला कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करने मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक शरतेन्दु तिवारी जी उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक द्वय रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेन्द्र गोयल, प्रेमवती खैरवार मंचासीन रहे तथा बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष तथा कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती आशा यादव ने की। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि बैठक का औपचारिक शुभारंभ भारत माता एवं पितृ पुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ तथा स्वागत




उद्बोधन बैठक की अध्यक्षता कर रही जिला उपाध्यक्ष आशा यादव ने दिया। उन्होंने सभी अतिथियों तथा पदाधिकारियों का अभिनंदन किया तथा आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। जिला संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित पदाधिकारियों को आगामी कार्यक्रमों का वृत्तांत प्रस्तुत किया तथा उनके क्रियान्वयन संबंधित निर्देश दिये। प्रज्ञा जी ने अगस्त माह के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व की मंशानुरूप हर वर्ष की भांति इस बार तिरंगा यात्रा 11 अगस्त से 14 अगस्त तक आयोजित होगी इसलिए 9 अगस्त को इससे संबंधित समस्त तैराकी बैठकें सम्पन्न करा दीं जायें। यह तिरंगा अभियान विधानसभा स्तरीय है इसलिए समस्त जनप्रतिनिधियों को इस अभियान में सहभागिता निभानी है। 11 से 14 तारीख तक तिरंगा यात्रा होगी तथा 14 तारीख को विभाजन विभीषिका दिवस पर भव्य प्रदर्शिनी तथा गोष्ठी आयोजित की जायेगी। 10 तारीख के रक्षाबंधन कार्यक्रम में हमें भी बढ़ चढ़ कर भाग लेना है तथा चल रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान में अपनी सहभागिता बनाये रखनी है। प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शरतेन्दु तिवारी जी ने कहा कि हमारी तो परिपाटी ही अखंड भारत का नारा लगाने वाली है तथा हम सब आतंकवाद को कुचल कर लाल चौक पर तिरंगा लहराने वाले लोग हैं। ये तिरंगा यात्रा उसी राष्ट्र भावना को प्रदर्शित करती है इसी लिये इस यात्रा की व्यापकता और भी ज्यादा हो जाती है। एक निशान, एक विधान और एक प्रधान इस देश में लागू करके हमने ही दिखाया है।

प्रदेश भर में हमें डेढ़ करोड़ घरों में तिरंगा लगाना है तथा इस बार के स्वतंत्रता दिवस के पर्व को ऐतिहासिक स्वरूप देना है। हम सभी को समाज के हर वर्ग, हर समुदाय के साथ समन्वय बनाते हुए इस महाभियान को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है। तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान के साथ साथ स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की छाया चित्र पर माल्यार्पण करना तथा वृहद स्वच्छता अभियान भी हमारे कार्यक्रम का हिस्सा होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह ने किया तथा आभार प्रकटन जिला मंत्री ध्रुव सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, अरविंद दुबे, सरोज सिंह, सरोज शाह, जिला महामंत्री लालपति साकेत, राजकुमार दुबे, जिला मंत्री अरविंद तिवारी, विनोद चौबे, बविता जैन, कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा, सह मीडिया प्रभारी राज कुमार कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष भारतेन्दु पांडेय, रविन्द्र पांडेय, राजु जायसवाल, संदीप चौबे, शारदा शर्मा, संदीप झा, राम नरेश शाह, कमल किशोर गुप्ता, एक्तिस चंद वैश्य, राम जी गुर्जर, मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, कमलेश वैश्य, सीमा जायसवाल समेत मंडलों एवं मोर्चों के महामंत्री उपस्थित रहे।

# राजस्व प्रकरणो का तय समय सीमा में करे निराकरण: संभागीय कमिश्नर

## लायसेंस के बिना काटे जा रहे छोटे प्लाट काटाने वालो के विरुद्ध कार्वाही करे : जमोद

**सिंगरौली।** जिले के एक दिवसीय प्रावास पर आये रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद के द्वारा कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के साथ राजस्व महाअभियान के प्रगति के संबंध में एवं तहसील कार्यालयों में राजस्व प्रकरणो के किये जा रहे प्रगति के संबंध में सिंगरौली नगर तहसील का निरीक्षण किया गया। कमिश्नर ने विभिन्न राजस्व प्रकरणो से संबंधित नस्तियों आवेदन, प्रकरणो के संबंध में पारित आदेश तथा पंजीयो का अवलोकन किया। उन्होने निर्देश दिये कि राजस्व प्रकरणो में संबद्ध दस्तावेजो का भलीभाति संधारित करे तथा प्रकरणो में दिनांक का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाये। किसी भी प्रकरण में अनावश्यक पेशी न बड़ाये। कानूनी प्रावधानो के तहत राजस्व प्रकरणो का निराकरण करे। सभागीय कमिश्नर ने निर्देश दिये कि राजस्व महाअभियान के उद्देश्यों के अनुरूप राजस्व प्रकरणो का निराकरण किया जाये। प्रकरणो का



निराकरण तय समय सीमा में किया जाये। कमिश्नर ने निर्देश दिये कि बसियत के प्रकरणो का परीक्षण किया जाये इनके परीक्षण के दौरान बसियत के नियमों का पालन किया जा रहा है कि नही इसका परीक्षण करे। तथा ऐसे शासकीय भूमि जो निजी भूमि में दर्ज है उनके प्रकरणो का त्वरित निगरानी की जाये। तथा बिना लायसेंस के जिसमें छोटे छोटे प्लाट काटे जा रहे है उनके विरूद्ध कार्रवाही किया जाये। कमिश्नर ने कहा कि भूमियों के अविवादित नामातरण में आदेश पारित होने के साथ ही उस पर अमल करते हुये नक्शातरमीम भी कराये तथा नक्शा तरमीम अभिलेखो के सुधार के प्रकारणो का प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि लंबित राजस्व प्रकरणो में पटवारियो की ड्यूटी लगाकर समय सीमा के अंदर प्रतिवेदन प्राप्त करे। संभागीय कमिश्नर ने कहा कि प्रकरण जब तक अंतिम रूप से निराकृत होकर नक्शा तरमीम न हो जाये तब तक उसे रिकार्ड रूम में बिलकुल न भेजे। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के लंबित ई केवाईसी के सभी प्रकरणो का समय सीमा के अंदर निराकरण करे। हल्के में चौपाल लगाकर ई केवाईसी के प्रकरणो का शत प्रतिशत निराकरण किया जाये।

# 5 वर्ष से फरार वारंटी को जयंत पुलिस ने निगाही से किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी जयंत अभिषेक पाण्डेय एवं उनकी टीम द्वारा 5 वर्ष से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि कस्बा जयंत में एक व्यक्ति 3 नग मोटर सायकल होण्डा साइन, हीरो होण्डा स्पेण्डर प्लस एवं पैशन प्रो0 काले रंग को लेकर जा रहा है, जिसे रोककर नाम पता पूछा गया जो अपना नाम करण उर्फ पवन उर्फ चीका पिता बसंतराम साकेत



निवासी निगाही कालोनी थाना नवानगर जिला सिंगरौली का रहने वाला बताया एवं उसके पास से बरामद मोटर सायकिलो के संबंध में दस्तावेज चाहा गया लेकिन उसके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया है, जिसे चौकी जयंत के इस्त0 क्र.-01/20 धारा 41 (1-4) जाफौ 379 भादवि में जप्त किया गया है, उक्त प्रकरण के वाहन मालिको की तलास की गई, जो दस्तयाब हुए जिन्हे माननीय न्यायालय के आदेश से वाहनो को सुपुर्द किया गया। प्रकरण की विवेचना पूर्ण कर प्र0क0-2010/20 दिनांक-08.11.2020 पर पेश किया गया है, उक्त प्रकरण में वारंटी करण उर्फ पवन उर्फ चीका पिता बसंतराम साकेत निवासी निगाही कालोनी थाना नवानगर जिला सिंगरौली से लगातार फरार था, जिसे आज दिनांक को पुलिस चौकी जयंत की वारंटी टीम द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी जयंत उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि उत्तम सिंह, राजवर्धन सिंह परिहार, प्रआर कुनाल सिंह, बीरेन्द्र पटेल, विष्णु रावत, आर दीपक यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

# सड़क के लिए सड़क पर विरोध प्रदर्शन

## ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष ने इस वर्ष भी एनएच के बीच केक काटकर मनाया अपना जन्मदिन

**सिंगरौली।** दशकों से लंबित पड़ा सिंगरौली सीधी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों ने कभी धान रोपकर, कभी धरना देकर तो कभी सत्ताधारी नेताओं का विरोध कर अपनी नाराजगी व्यक्त की है, परंतु वर्षों के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। खस्ताहाल एनएच के इस मुद्दे पर कोई सुध लेने वाला नहीं है। बरसात के दिनों में हालात बद से बतर हो जाते हैं। आलम यह है कि सड़क बनना तो दूर समय पर इसकी पैचिंग भी नहीं होती, सिंगरौली से बरगवां के बीच तो स्थिति और भयावा हो जाती है। परेवानाला के समीप स्थित पुल पर गड्ढे इस कदर बढ़ गए हैं की कभी भी कोई बड़ा हादसा पेश आ सकता है। ऐसे में सिंगरौली ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष और कांग्रेस के जिला परिवहन प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश सिंह बीते कई वर्षों से नेशनल हाईवे के बीच खड़े होकर केक काट अपना जन्मदिन मनाते हैं। उन्होंने यह बीड़ा उठाया है कि जब तक यह सड़क बनकर सुगम सफर के लिए तैयार नहीं हो जाती तब तक अनर्वत हर साल इनका जन्मदिन ऐसे ही मनेगा। हालांकि इस अनोखे विरोध प्रदर्शन के बाद भी जिला प्रशासन और एमपीआरडीसी के अधिकारियों पर इसका असर नहीं पड़ता दिख रहा। गुरुवार दोपहर सड़क के बीचो-बीच स्थानीय लोगों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाते



हुए राजेश सिंह ने बताया कि यह इस जिले की दुर्दशा है कि भारत को जगमगने वाले उर्जाधानी में अंधेरा छाता जा रहा है। कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण लोग यहां आने से कतराते हैं, बरसात के 3 महीना में हालात बाद से बत्तर हो जाते हैं। बीते एक माह से गोपद पुल की दुर्दशा हुई पड़ी है। जिससे आवागमन बाधित रहता है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग खतरों के बीच अपनी जिंदगी जीने को बेबस है। इस सड़क के कारण ही हर हफ्ते किसी घर का चिराग बुझ जाता है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज करते हुए कहा कि जब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कह दिया है कि यह एनएच मार्ग हमारे जीवन का सबसे फैलियर प्रोजेक्ट है, जिस पर एक किताब लिखी जा सकती है। ऐसे में वह इस किताब को कब लिखेंगे और कब इसका विमोचन होगा, इसका यहां के लोगों को इंतजार रहेगा। एनएच 39 के निर्माण की मॉनिटरिंग का जिम्मा लिए एमपीआरडीसी के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा जब सड़क का पहला ही टेंडर 900 करोड़ का हुआ था और अब तक तकरीबन 17 करोड़ इस सड़क पर खर्च हो चुके हैं फिर भी स्थिति बत्तर बनी हुई है।

ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि यह पैसा गया कहां। उन्होंने स्थानीय नेताओं में इच्छा शक्ति की कमी को भी इस सड़क के लिए जिम्मेदार ठहराया। राजेश सिंह के इस जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र के तमाम प्रबुद्ध जन, कांग्रेसी नेता, कार्यकर्ता के साथ आम लोग भी मौजूद रहे।

# तहसीलदार सरई की उपस्थिति मे गन्नई में लगाया गया राजस्व कैंप

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग के द्वारा आम जनता की जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकृत करने हेतु राजस्व महा अभियान 2.0 प्रारंभ किया गया है। जिले के सरई तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा ग्राम गन्नई में राजस्व कैंप लगाया गया। तहसीलदार द्वारा मौके पर ही आमजन की समस्याओं को सुनकर ई केवाईसी एवं नक्सा तरमीम की कार्यवाही कराई गई। आम जनता के द्वारा पटवारी द्वारा कार्य न करने की शिकायत की गई जिस पर तहसीलदार द्वारा पटवारी को शोकाज नोटिस जारी किया गया है। ग्राम पंचायत गन्नई के पंचायत भवन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा पानमती बसोर के आय प्रमाण पत्र बनाए जाने का




अनुरोध किया गया जिस पर 1 घंटे के भीतर ही तहसीलदार द्वारा प्र.क्रं. दर्ज कराकर आर एस/463/0111/ 24727/ 2024 /बी-121/2024 आय प्रमाण पत्र जारी करा दिया गया। इसी प्रकार भूमि परि मार्जन के 10 प्रकरण, नक्शा तरमीम 60, वारिसाना नामांतरण 03, अभिलेख दुर्स्तगी के 2, बीपीएल 2, आय प्रमाण पत्र 1, बटवारा 03, पीएम किसान 06 कुल 88 प्रकरण को निराकृत किया गया। राजस्व कैंप लगने से आम जनों में उत्साह का वातावरण था। मौके पर तहसीलदार के द्वारा उप लोक सेवा केंद्र गन्नई मे स्थानीय आवेदन लेने पंचायत में ई केवाईसी कराए जाने हेतु पटवारी, सहायक सचिव को निर्देशित किया गया। राजस्व कैंप में राजस्व निरीक्षक आर एन सोनी पटवारी बृहस्पति वर्मा, शालिग्राम, स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य रामधनी यादव, गणमान्य नागरिक लाले बैस, उपस्थित रहे। ग्रामीण जनों द्वारा इस तरह के कैंप की सराहना की। लोगों में कार्य कराने हेतु उत्साह रहा और भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी कुन्दवार द्वारा 9 वर्ष से फरार दो आरोपी वारंटी गिरफ्तार

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में एवं राहुल कुमार सैयाम, एसडीओपी देवसर व थाना प्रभारी जियावन राजेन्द्र पाठक के मार्गदर्शन पर चौकी प्रभारी कुन्दवार बालेन्द्र त्यागी व पुलिस टीम को कामयाबी मिली है। पुलिस के अनुसार धारा 33 (1) ग भारतीय वन अधिनियम 1927 में फरार आरोपी वारंटी रामधनी पिता इन्द्ररमन अगरिया उम्र 51 वर्ष निवासी बंधा चौकी कुंदवार थाना जियावन जिला सिंगरौली एवं महावीर अगरिया पिता मीरआ अगरिया उम्र 55 वर्ष निवासी बंधा चौकी कुंदवार थाना जियावन को की चौकी कुंदवार पुलिस टीम द्वारा बीते 7 अगस्त को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय किया गया पेश किया गया है ।

# हत्या का प्रयास करने वालो 2 आरोपियो को बरगवां पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक, श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शिव कुमार वर्मा सिंगरौली, केके पाण्डेय एसडीओपी मोरवा के मार्गदर्शन में एवं निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा थाना प्रभारी थाना बरगवां के नेतृत्व मे आरोपियो को गिरफ्तारकिया गया। पुलिस ने बताया कि 6 जुलाई को फरियादी भरत सिंह पिता स्व. जयप्रताप सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी राजासरई थाना बरगवां जिला सिंगरौली का थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 06-07-2024 को समय करीबन 05.20 बजे शाम मै अपने नये घर से पुराने घर जा रहे थे जैसे ही घर के सामने रोड पर पहुंचा तो अमन सिंह पिता रामबाबू सिंह निवासी गदसा व आलोंक सिंह पिता सिवेन्द्र सिंह निवासी रम्पा थानां माडा एवं छैला सिंह निवासी धनहरा तीनों एक मोटर सायकल से लाठी लेकर आये और मेरे मोटर सायकल के सामने अपनी मोटर सायकल लगाकर रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुये तीनों एक साथ लाठी से मारपीट करने लगे। अमन सिंह लाठी से मेरे बाये तरफ सिर में तथा दाहिने हाथ की कलाई में मारा, आलोक सिंह लाठी से सिर में मारा तथा छैला सिंह लाठी से सिर व बाये हाथ की कलाई में मारा सिर से काफी खून निकलने लगा तथा दोनों हाथ की कलाई में चोट से सूजन आ गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 579/2024 धारा 126(2), 296, 115(2), 351(3), 3(5) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की मेडिकल रिपोर्ट पर से मामले मे धारा 109 बीएनएस बढाया गया । प्रकरण के आरोपीयो को दिनांक 08-08-2024 को दस्तयाब कर घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल एवं लाठी जप्त किया गया एवं आरोपीयो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जेआर पर पेश किया गया है।

# रक्षाबंधन पर्व का 10 अगस्त को अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में होगा आयोजन

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 अंतर्गत जिले की नगर निगम एवं सभी नगरीय निकायों एवं सभी ग्राम पंचायतों में रक्षाबंधन पर्व के उपलंक्ष्य में आभार सह उपहार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम के अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की थीम रक्षाबंधन सावन उत्सव पर केंद्रित होगी। कार्यक्रम ने मुख्यमंत्री के जुड़ने से पूर्व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण होगा एवं स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के हितग्राही, लाड़ली बहना सेना, शौर्य दल के सदस्य एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं विशेषरूप से सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया जायेगा।

कार्यक्रम विधायकगण, महापौर, अध्यक्ष जिला पंचायत, अध्यक्षगण नगर परिषद आदि सभी जनप्रतिनिधियों के गरिमामय उपस्तिथि में आयोजित होगा।

# राशन के लिए पात्र हितग्राही 10 अगस्त तक स्थानीय निकायों में अपने जरूरी दस्तावेज जमा कराएं

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत एवं प्रवासी श्रमिकों को पात्रतानुसार खाद्यान्न की आवश्यकता की पूर्ति के लिए राशन पर्ची, राशन कार्ड जारी किया जाना है।

# लायंस क्लब-विद्युत विहार का 10वाँ अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**सिंगरौली।** मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष लायन बलवीर सिंह बग्गा, मल्टीपल कॉउन्सिल सेक्रेटरी एवं निवर्तमान मंडलाध्यक्ष लायन जगत नारायण श्रीवास्तव, पूर्व मंडलाध्यक्ष व अधिष्ठापन अधिकारी लायन वीरेंद्र गोयल, दीक्षा अधिकारी लायन निधि कुमार, मुख्य वक्ता के रूप में लायन सौरभ कांत सपत्नी श्रीमती राजुलकांत, कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सुधीर भल्ला, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ डी के मिश्रा, रीजन चेयरपर्सन लायन ऋषभ अग्रवाल, ज़ोन चेयरपर्सन लायन अमित राज, लायन एस डी सिंह, लायन विमल चौकसे, लायन सज्जन अग्रवाल, लायन शेखर सिंह, लायन शिशान्त श्रीवास्तव, लायन अनिल श्रीवास्तव व मंडल के अन्य कैबिनेट पदाधिकारी व साउथ क्षेत्र से आमंत्रित क्लबों के उपस्थित




पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। नए सत्र 2024-25 सत्र के लिए अध्यक्ष पद के लिए लायन श्याम नारायण सिंह, सचिव पद के लिए लायन सुभाष चंद्र बैस तथा कोषाध्यक्ष के लिए लायन विनोद शाह को नई कार्यकारिणी की जिम्मेदारी दी गई।कार्यक्रम समन्वयक लायन सत्यनारायण बंसल जी रहे व संचालन क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस पी सिंह ने किया सत्र 2024-2025 मे लायंस क्लब विद्युत विहार को नई ऊंचाइ तक ले जाने वह समाज के सर्वांगीण विकास के कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहने तथा ज्यादा से ज्यादा सामाजिक कार्यों को कर पाने हेतु सभी उपस्थित अतिथियों ने विश्वास प्रकट किया। कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब अम्लोरी , लायंस क्लब बैढन सिटी, लायंस क्लब मोरवा, लायंस क्लब जयंत उर्जाधानी, लायंस क्लब सिंगरौली प्राइड, लायंस क्लब रेनूसागर, लायंस क्लब ओबरा गौरव, लायंस क्लब बैढ़न कान्हा व अन्य क्लबों के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे जिनका लायंस क्लब विद्युत विहार के सदस्यों के द्वारा अंगवस्त्र व माल्यार्पण के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में काइट्स राइज पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा शानदार प्रस्तुति की गई व साथ ही साथ प्रतिष्ठा ठाकुर के नृत्य ने मनमोहक छटा बिखेरी। नई टीम को सभी क्लबों के उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई। अधिष्ठापन का प्रारंभ दो जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान कर किया गया।क्लब में 8 नए सदस्य जुड़े जिन्हें दीक्षाधिकारी लायन निधि कुमार ने लायन अंतराष्ट्रीय की कार्य प्रणाली को बताते हुए उन्हें दीक्षा प्रदान की जिसमंद लायन सलिल अग्रवाल, लायन मुद्दु सत्य श्रीनिवास, लायन कृष्णा कुमार गर्ग, लायन मनोज सिंह, लायन सतीश चौरसिया, लायन उमेश कुमार जायसवाल, लायन अशोक कुमार वर्मा व लायन शैलेन्द्र मिश्रा उपस्थित थे।लायंस क्लब विद्युत विहार परिवार की महिलाओं द्वारा भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। लायंस क्लब विद्युत विहार के सभी सदस्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिए जिसमें लायन पारसनाथ वर्मा, लायन नटवर दास अग्रवाल, लायन के बी मिश्रा, लॉयन सत्य प्रकाश सिंह, लायन आनंद अग्रवाल, लायन तारकेश्वर गुप्ता, लायन सर्वेश कुमार सिंह, लायन विवेक बंसल, लायन परमजीत सिंह , लायन डॉ रवि भूषण , लायन विजय नारायण सिंह , लायन ओम प्रकाश सिंह, लायन मृत्युंजय सिंह, लायन संदीप कुमार सिंह, लायन चंद्रप्रकाश अग्रवाल ,लायन गौरव अग्रवाल , लायन सौरव अग्रवाल, लायन अशोक द्विवेदी, लायन अनिल सिंह , लायन अनुराग भरतीया, लायन पंकज सिंह, लायन मनीष गर्ग , लायन सांतनु प्रकाश, लायन समीर सिंह, लायन अशोक कुमार उपाध्याय, लायन प्रशांत सिंह, लायन मिथिलेश जायसवाल, लायन संतोष गोयल, लायन रविंद्र जायसवाल ,लायन अरविंद जायसवाल, लायन विवेक बंसल के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन लायन सत्य नारायण बंसल द्वारा व सभा का संचालन लायन सत्य प्रकाश सिंह के द्वारा किया गया ।

# स्काउटिंग से यश, कीर्ति और सम्मान के साथ प्राप्त होता है राष्ट्रभक्ति का बोध : रीती

## भारत स्काउट गाइड का प्रशिक्षण वर्ग हर्ष उल्लास के साथ संपन्न

**सीधी।** स्काउटिंग के माध्यम से जिले भर के सभी विद्यालयों के साथ-साथ पूरे देश में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई जा रही है। केवल देश ही नहीं बल्कि विश्व के 216 से अधिक देशों में भारत स्काउट एवं गाइड संचालित है। स्काउटिंग से यश, कीर्ति और सम्मान के साथ-साथ छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में राष्ट्रभक्ति का सहज ही बोध जागृत होता है।

उक्त आशय के विचार सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने भारत स्काउट गाइड द्वारा चलाए जा रहे सप्त दिवसीय बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्ति किए। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड के माध्यम से जहां एक और छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो रहा है, वही इस कार्य में लगे हुए शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का भी व्यक्तित्व विकास हो रहा है। स्काउटिंग के माध्यम से छात्र एवं छात्राएं राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कार की तैयारी करें।



भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा ने बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्काउट गाइड के माध्यम से छात्र एवं छात्राओं में सहज भाव से राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। पाठ्य गतिविधियों के साथ-साथ आत्मरक्षा एवं सेवा भाव के सहज मानवीय गुणो का विकास होता है।

भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में भारत स्काउट गाइड संचालित है। भारत स्काउट एवं गाइड के आदर्श दल स्थापित हो और हर विद्यालय की शान के रूप में जानी जाए, यह हमारा लक्ष्य एवं प्रमुख प्राथमिकता होगी।

सहायक राज्य संगठन आयुक्त डी पी मिश्रा ने कहां की स्काउट एवं गाइड विभिन्न प्रकार के समय-समय पर छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों को ट्रेनिंग देता है। इसी कार्यक्रम में यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर संचालक डॉक्टर यश एन पांडे ने कहा कि शिविर में पूरे जिले के सभी ब्लॉक से 89 स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन उपस्थित हैं। जिन्होंने 7 दिन तक निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन करते हुए साधना की है। सहायक शिविर संचालक काउंसलर डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्र ने शिविर में चल रही गतिविधियों एवं पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी रखी।

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने मंचासिन अतिथियों के साथ शिविर में उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शिविर संचालक डॉक्टर एस एन पांडे, डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त डी पी मिश्रा, राकेश रतन पांडे, हरिशंकर पांडे, शशि गौतम, अजीत द्विवेदी, राजेंद्र मिश्रा, के पी सिंह, उमाशंकर बैगा को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।

भारत स्काउट एवं गाइड गाइड की जिला आयुक्त गाइड डॉक्टर श्वेता सिंह ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया वही शिविरार्थीयो द्वारा अतिथियों का हल्दी चंदन लगाकर स्वागत किया और स्काउट की बिरादरी में शामिल किया। स्वागत गीत उर्मिला सिंह, कीर्ति मिश्रा, संजू चौधरी, दीपिका सिंह ने किया।

स्काउट मास्टर जिबेंद्र पांडे एवं गाइड रोशनी चतुर्वेदी ने शिविर के अनुभव व्यक्त किए। स्काउट मास्टर रघुनाथ साकेत शिविर से संबंधित कविता पाठ किए।कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश रतन पांडे एवं आभार प्रदर्शन जिला सचिव हरिशंकर पांडे ने किया।

रमाबल्देव पैलेस में भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ सीधी द्वारा आयोजित बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन के सप्त दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर संघ के जिला उपाध्यक्ष राममिलन साहू, सौरभ सिंह, वरिष्ठ समाज सेवी पुनीत नारायण शुक्ला, सुधीर शुक्ला, मुनिराज विश्वकर्मा, पुष्पराज सिंह सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों से प्रशिक्षु के रूप में पधारे शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# बीड़ी, चूना पत्थर एवं ढोलोमाइट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा बीड़ी, चूना पत्थर एवं ढोलोमाइट व लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र एवं पुत्रियों को कक्षा 1 से उच्च शिक्षा के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में वित्तीय सहायता (छात्रवृत्ति) प्रदाय करने हेतु नेशनल स्कालरशिप एनएसपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया दिनांक 30.06.2024 से प्रारम्भ हो चुकी है जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि प्री-मैट्रिक हेतु दिनांक 31.08.2024 एवं पोस्ट मैट्रिक हेतु 31.10.2024 तक निश्चित है। शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवेदनों के सत्यापन की अंतिम तिथि प्री-मैट्रिक के लिए 15.09.2024 एवं पोस्ट मैट्रिक के लिए दिनांक 15.11.2024 तक निर्धारित है।

उन्होने समस्त प्राचार्यों तथा समस्त विकासखण्ड समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र को निर्देशित किया है कि संस्था में अध्ययनरत ऐसे समस्त पात्र छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर उन्हें इस योजना से अवगत कराते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी पात्र छात्र-छात्राओं का एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सत्यापन का कार्य भी सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

## 30 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति

**सीधी।** कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 30 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। ग्राम कोटहा तहसील गोपद बनास जिला सीधी के सागर साकेत की दिनांक 25.12.2021 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से निकटतम वारिस माता रामूबाई साकेत को 15 हजार रूपये एवं ग्राम चिलरी खुर्द तहसील चुरहट जिला सीधी के विकास कोल की दिनांक 02.03.2023 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से निकटतम वारिस पिता छोटेलाल कोल को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# हरियाली तीज लोक संस्कृति की धरोहर : जगदंबा



**सीधी।** वैश्य महासम्मेलन महिला जिला इकाई द्वारा हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को पूजा पार्क गणेश मंदिर मैं बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह उत्सव महिलाओं का उत्सव है। सावन में जब सम्पूर्ण प्रकृति हरी ओढ़नी से आच्छादित होती है उस अवसर पर महिलाओं के मन मयूर नृत्य करने लगते हैं। वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, लोकगीत ,कजरी का गयन के साथ फिल्मी धुन में आनन्द मनाती रही। सुरीले गीतों से पूजा पार्क बुधवार को महक उठा। वृक्षारोपण भी किया गया ।महिला इकाई अध्यक्ष जगदंबा सोनी ने कहा हरियाली तीज सांस्कृतिक परंपराओं और लोक संस्कृति की अमूल्य धरोहर है महिलाओं ,बहूओ, बेटियों और बहनों का त्यौहार है। सभी प्रकार के भेदभाव को मिटाकर आपसी मिलन प्रेम व पूरे परिवार, समाज के सांझे त्यौहार के तौर पर तीज अपनी अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान वैश्य महासम्मेलन महिला जिला इकाई की पदाधिकारीयों , सदस्यों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री भोला गुप्ता, जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जिला प्रभारी गोपाल गुप्ता, नगर अध्यक्ष एवं तहसील अध्यक्ष महेंद्र सराफ , जिला अध्यक्ष महिला इकाई जगदंबा सोनी, नगर अध्यक्ष सुमन गुप्ता, संरक्षिका शशिगुप्ता, पूनम सोनी, ओमता सोनी प्रभारी, गायत्री गुप्ता ,राजकुमारी गुप्ता, सविता सोनी ,राजकुमारी विश्वकर्मा ,शांत सोनी, सविता सोनी ,ममता प्रभावती गुप्ता, बेबी गुप्ता ,सुलोचना गुप्ता ,सुधा गुप्ता ,रिचा गुप्ता ,पिंकी गुप्ता ,विजय लक्ष्मीगुप्ता ,अर्चना गुप्ता ,सीता सोनी, निर्मला सोनी ,उर्मिला,ज्ञानेश्वरी ,शकुंतला ,गोमती कुंदेर ,सीता गुप्ता, वंदना सोनी ,उमा सोनी ,नम्रता सोनी मौजूद रहे।

# सीधी रेल परियोजना को मिले 850 करोड़, होगा शीघ्र रेल का सपना पूर्ण : राजेश

**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने विगत दिनों शून्य काल के दौरान बजट सत्र में ललितपुर सिंगरौली रेल परियोजना के संदर्भ में प्रश्न उठाया था।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने बताया कि मेरे द्वारा उठाए गए ललितपुर सिंगरौली रेल परियोजना के संबंध में रेल मंत्रालय ने बताया कि ललितपुर से गोविंदगढ़ तक रेल परियोजना लगभग पूर्ण हो चुकी है। गोविंदगढ़ से आगे की रेल परियोजना के लिए इस वित्तीय वर्ष मे 850 करोड़ का बजट रेल मंत्रालय द्वारा दिया गया है ।जिसके कारण रेलवे के कार्य में



तीव्र गति आएगी और जिले वासियों का रेल का सपना अति शीघ्र पूर्ण होगा। इसके लिए सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति क्षेत्र की जनता जनार्दन की ओर से आभार व्यापित किया है। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तब से इस रेल परियोजना के लिए 2014 के मुकाबले 23 गुना बजट बढ़ा है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सीधी में भी उद्योग धंधे लगे, इसके लिए नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, सी आई ऐ मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश के उद्यमियों के मध्य संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में उद्योग धंधे लगाने के लिए आमंत्रित किया। बैठक के पश्चात लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मेरी मंशा है कि सीधी औद्योगिक गलियारा के रूप में विकसित हो, इसके लिए मैंने उद्योगपतियों को सीधी आने एवं जिन उद्योगों की संभावनाएं है उसे शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उपस्थित उद्योगपतियों ने आश्वस्त किया है कि वे सीधी लोकसभा में भ्रमण कर जल्द ही उद्योग शुरू करेंगे।

# रौली मेमोरियल में जड़ी बूटी दिवस का आयोजन

**सीधी।** पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास, किसान सेवा समिति एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में जड़ी बूटी दिवस डॉ राजेश मिश्रा सांसद लोकसभा सीधी के मुख्य अतिथिय एवं भारत स्वाभिमान न्यास के अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता के अध्यक्षता में संपन्न हुआ सर्वप्रथम प्रात: काल में योग प्राणायाम कर कर सुबह 6-30 बजे से जड़ी बूटी दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं सभी योग साथियों के साथ दीप प्रज्वलंकर अतिथियों का स्वागत किया गया प्रथम वक्ता अध्यक्षता कर रहे भारत स्वाभिमान के अध्यक्ष अधिवक्ता



आशुतोष गुप्त ने संगठन का परिचय देते हुए बालकृष्ण जी के जन्मदिवस के बारे में विस्तृत चर्चा की।किसान सेवा समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा की यदि आपके पास पर्याप्त जगह नहीं है पौधा लगाने के लिए तो आप अपने गमले में भी औषधि पौधे लगाकर इसका लाभ ले सकते हैं वरिष्ठ समाज सेविका मीना गुप्ता ने उपस्थित सभी योग साधकों , अतिथियों को धन्यवाद देते हुए बताया कि व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष एक पौधा लगाना अनिवार्य है तथा उसकी सुरक्षा भी करनी चाहिए पौधे हमारे जीवन दाता होते हैं अंत में मुख्य अतिथि महोदय ने अपने वक्तव्य में योग परिवार को साधुवाद देते हुए कहा कि हम अपेक्षा करते हैं की आपका प्रयास लोगों की निरोगता मैं कामयाब होगा, सीधी जिले के जंगलों में वन औषधि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जरूरत आयुर्वेद विशेषज्ञों की है और पहचान कर हम सब निरोग बने ।वहीं महिला पतंजलि अध्यक्ष अधिवक्ता सुजाता मिश्रा ने बहनों के योगदान को सराहा पतंजलि अध्यक्ष अशोक कुमार जी ने सतत प्रयास करने का संकल्प लिया इसके पश्चात कई योग साधकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया श्रीमती मीना गुप्ता, श्रीमती पुष्पा सिंह, श्रीमती उर्मिला द्विवेदी, दिलीप त्रिपाठी, श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, हर विलास गुप्ता प्राचार्य, श्रीमती उर्मिला सिंह श्रीमती निशा मिश्रा अधिवक्ता, श्रीमती कल्पना सिंह श्रीमती आराधना सिंह,कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष भारत स्वाभिमान न्यास अधिवक्ता बीके शुक्ला ने आभार व्यक्ति कीया। मंच का सफल संचालन डॉ एम पी गौतम के द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सरोज शर्मा, अशोक कुमार मिश्रा सब इंजीनियर नगर पालिका, कामता सिंह, प्रियंका शुक्ला ,विद्याकांत मिश्रा सचिव अधिवक्ता संघ सीधी, संत दास शुक्ला शिक्षक , सुखेंद्र सिंह,आदि लोगों ने सहभागिता की ,सभी योग साधकों एवं मुख्य अतिथि के द्वारा संजय गांधी कॉलेज में पौधारोपण कर पौधों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

# जिले की उचित मूल्य दुकानों में दिया जा रहा पोषण युक्त राशन

**शहडोल।** जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी दी है कि जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में हितग्राहियों को शासन दवारा फोर्टिफाईड चावल (आयरन, विटामिन बी-12 एवं फॉलिक एसिड युक्त) एवं वन्या प्लस डबल फोर्टिफाईड नमक (आयोडिन एवं आयरन युक्त) का वितरण किया जा रहा है, जिसके सेवन से खून की कमी (एनीमिया) दूर होती है। उन्होनें बताया कि फोर्टिफाईड चावल जनवरी 2023 से मध्यप्रदेश के सभी जिलों में वितरित किया जा रहा है। चावल को फोर्टिफाईड करने के लिए सामान्य चावल में आयरन, विटामिन बी-12, और फोलिक एसिड से युक्त फोर्टिफाईड चावल के दाने 1 प्रतिशत की मात्रा में मिलाए जाते है। फोर्टिफाईड चावल के दाने सामान्य चावल की तरह दिखते है। फोर्टिफाईड चावल के दाने पकाते या धोते समय अलग से दिखे तो इन चावलों को अलग न करे और इनका सामान्य चावल की तरह सेवन करें। उन्होनें बताया कि यह प्लास्टिक चावल नहीं है बल्कि पोषण युक्त चावल है। अत: भृमक जानकारियों से बचे। इसी प्रकार आयोडीन एवं आयरन युक्त डबल फोर्टिफाईड नमक वान्या प्लस नाम से म.प्र. के 33 जिलों (आदिवासी बाहुल्य जिले, उच्च प्राथमिकता वाले जिले एवं आंकाक्षी जिले) की शासकीय उचित मूल्य दुकान से 1 रुपया प्रति किलो की दर से प्रदाय किया जा रहा है। आमजन में यह भ्रम है कि उक्त डबल फोर्टिफाईड नमक में काले बारिक कण पाये गये हैं जो कि वास्तविकता में आयरन (लौह तत्व) के कण है. इसके सेवन से खून की कमी (एनीमिया) दूर होती है। फिर भी अगर आप को कोई भी अन्य सवाल हो या जानकारी चाहिए हो तो अपने गाँव की कंट्रोल की दुकान के दुकानदार से संपर्क करें ।

# अतिवर्षा और बाढ़ की चुनौतियों से निपटने समन्वय के साथ करें कार्य : एसडीएम

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे ने जनपद पंचायत ब्यौहारी के सभागार में बाढ़ आपदा की खण्ड स्तरीय समिति की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित सचिव, रोजगार सहायक व अन्य अधिकारी पुल पर पानी होने की सूचना हेतु मुनादी कराएं व पुल के ऊपर से पानी का बहाव हो तो दोनों तरफ से बैरिकेडिंग लगाए जिससे लोगों का आवागमन न हो। उन्होंने कहा कि अतिवर्षा और बाढ़ की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वय के साथ कार्य करें व रपटों और पुलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा की रोकथाम हेतु रस्सी, गोताखोरों, टार्च जैसे अन्य सभी तैयारियां पूर्ण रहें यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बाणसागर डैम के कैचमेंट एरिया के सभी किनारों का बाणसागर प्रबंधन तथा राजस्व व पंचायत की टीम के साथ संयुक्त जांच कर नदी के किनारे रह रहे लोगों को सही समय पर सुरक्षित स्थान में लाने मुनादी करने के निर्देश भी दिए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी ने कहा कि स्कूलों, सर्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों का निरीक्षण वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए। इसी प्रकार बैठक में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री रामावतार अगरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।

# अवैध मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिकों को किया गया सील

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों, पैथालॉजी, अस्पतालों एवं झोलाछाप चिकित्सों के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में आज जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. शुक्ल एवं डॉ. एस.डी. कवर तथा मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी बुढ़ार डॉ. आर. के. वर्मा एवं रुजोपचार टीम द्वारा अशोक मेडिकल स्टोर, शारदा मेडिकल स्टोर, एवं पाल मेडिकल स्टोर बकहो तथा पाण्डेय मेडिकल स्टोर जरवाही का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि मेडिकल स्टोर में क्लीनिक बनाकर मरीजों का उपचार भी किया जा रहा था।

# समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति के निर्देश जारी

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि शिक्षा पोर्टल द्वारा संचालित समेकित छात्रवृत्ति योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2024-25 की छात्रवृत्ति विवरणिका जारी की गई है। पूर्व वर्ष के अनुरूप ही समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 06 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति योजना का क्रियान्वयन शिक्षा पोर्टल के माध्यम से एवं अनुसूचित जाति/जनजाति प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं केन्द्र प्रवर्तित सफाई एवं जोखिम पूर्ण कार्य छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन क एमपीटास्क पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। सत्र 2024-25 में शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में कक्षा 1-12 तक अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों का शिक्षा पोर्टल पर शत प्रतिशत प्रवेश उपरान्त प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति की कार्यवाही की जानी है।

नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने से ही शिक्षा पोर्टल पर सभी शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में कक्षा 1-12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों का शालावार एवं छात्रवार नामांकन कार्य प्रचलन में है। शालाओं में शत प्रतिशत विद्यार्थियों के नामांकन का यह कार्य 10.08.2024 तक पूर्ण किया जाना है।

प्रतिवर्ष की भांति नामांकन उपरान्त शिक्षा पोर्टल पर विद्यार्थियों का प्रोफाइल दर्ज/अपडेट किया जाना अनवार्य है। प्रोफाइल में दर्ज जानकारी के आधार पर ही विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति तथा अन्य योजनाओं की पात्रता आदि सुनिश्चित होती है। प्रोफाइल अपडेशन के आधार पर ही छात्रवृत्ति की गणना स्वत: सिस्टम द्वारा की जाती है जिसे विभाग द्वारा जारी की गई विवरणिका अनुसार परीक्षण कर लिया जाये। शिक्षा पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करने की सुविधा शिक्षकों की यूनिक आईडी. एवं बीआरसीसी स्तर पर प्रदाय किये गये यूजर पर दी गई है। प्रोफाइल अपडेशन में मोबाइल नम्बर/बैंक अकाउन्ट नम्बर आदि की सूक्ष्मता से जॉच कर ही प्रविष्टि की जाय जिससे कि असफल भुगतान की स्थिति निर्मित नही हो।

विद्यार्थी को विभिन्न विभागों की एक से अधिक छात्रवृत्ति की पात्रता हो सकती है। अत: कक्षा 1-12 तक अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों/समस्त वर्ग के विद्यार्थियों का प्रोफाइल अपडेशन पूर्व निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शिक्षा पोर्टल पर किया जाना आवश्यक है।

मध्यप्रदेश शासन के सन्दर्भित पत्र द्वारा वर्ष 2024-25 की समेकित छात्रवृत्ति विवरणिका परिशिष्ट-1 अनुसार जारी की गई है। अत: विवरणिका में उल्लेखित अनुसार पात्रता के अनुरूप ही विद्यार्थी को छात्रवृत्ति स्वीकृत किया जाना है। विद्यार्थी को छात्रवृत्ति स्वीकृत किये जाने के उपरान्त छात्रवृत्ति रिवर्ट किये जाने का प्रावधान नही है।

समस्त विद्यार्थयों की प्रोफाइल की जानकारी एवं उसको मिलने वाले लाभ संबन्धी अभिलेख संधारण के निर्देश समय-समय पर दिये गये है। अत: तदानुसार अभिलेख संधारित किये जाये।

उन्होने समस्त प्राचार्यों तथा समस्त विकासखण्ड समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र को निर्देशित किया है कि शत प्रतिशत विद्यार्थियों के प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति स्वीकृति का कार्य दिनांक 24.08.2024 तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

## संपादकीय

### भारत की चुनौतियां बढ़ीं

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ छात्र आंदोलन सत्ता परिवर्तन तक जा पहुंचा। अतीत यही बताता है कि बांग्लादेश का संकट केवल उसका नहीं होता। जब-जब वह मुसीबत में घिरा है, तो उसकी परछाई भारत तक भी आई है। सवाल है कि इस बार वह परछाई कैसी और कितनी बड़ी होगी? बांग्लादेश में ऐसे समय बदलाव हो रहा है, जब एक और करीबी पड़ोसी मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में ठंडापन आया है। शेख हसीना की नीतियों में संतुलन था। घरेलू मोर्चे पर उनकी कार्यशैली को लेकर जो भी आलोचना रही हो, लेकिन विदेश मामलों में उन्होंने भारत, चीन और पश्चिम के बीच बैलेंस बनाए रखा था। बांग्लादेश के साथ भारत के करीबी व्यापारिक रिश्ते हैं। दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है बांग्लादेश। कोविड के बाद से दोनों के बीच ट्रेड में लगातार बढ़ोतरी हुई है। दोनों मिलकर कई प्रॉजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इनमें भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन सबसे अहम है, जिसके जरिये हिंदुस्तान से रिफाइंड डीजल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही, अपने इस पड़ोसी देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारत ने बहुत निवेश किया है। हालात अधिक वक्त तक काबू से बाहर रहे तो इन सब पर असर पड़ सकता है। शेख हसीना का भारत के साथ कूटनीतिक और राजनीतिक ही नहीं, भावनात्मक नाता भी है। इसी वजह से वह आतंकवाद और चीन से जुड़ी भारत की चिंताओं को बेहतर ढंग से समझती थीं। उन्होंने अलगाववादी और कट्टरपंथी ताकतों पर काफी हद तक लगाम लगाकर रखी थी। भारत को सतर्क रहना होगा कि ये ताकतें कहीं फिर से सिर न उठाने लगें। दोनों देश एक लंबी सीमा रेखा साझा करते हैं। बांग्लादेश में हालात बिगड़ते ही जिस तरह भारत में बॉर्डर पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई, उससे ही समझा जा सकता है कि वहां की घटनाएं हम पर किस तरह का असर डाल सकती हैं। भारत यह बिल्कुल नहीं चाहेगा कि पाकिस्तान और चीन के साथ अब एक और पड़ोसी से लगती सीमा पर उसके ज्यादा संसाधन खर्च हों।

# आखिर बार-बार क्यों हो रही मोदी सरकार के गिरने की बात

**लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद एक बार फिर बीजेपी की अगुवाई में केंद्र में एनडीए की सरकार जरूर बन गई है लेकिन सरकार के बनने के साथ ही यह सवाल भी बना हुआ है कि यह कितने दिन चलेगी 30 जुलाई को लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने भी दोहराया कि यह सरकार चलने वाली नहीं, बल्कि जाने वाली है।**

(पवन उपरेति)



सोशल मीडिया से लेकर टीवी चैनलों पर तमाम राजनीतिक विश्लेषक मोदी 3.0 की स्थिरता को लेकर सवाल उठाते हैं और कहते हैं कि क्योंकि बीजेपी के पास अपने दम पर बहुमत नहीं है और एनडीए भी बहुमत के लिए जरूरी 272 के आंकड़े से बहुत आगे नहीं है, इसलिए सरकार की स्थिरता पर सवाल खड़े होने लाजिमी हैं।

सहयोगी दलों के सामने झुकना है मजबूरी

यह सच भी है कि बीजेपी को मोदी सरकार के इस कार्यकाल में गठबंधन के सहयोगी दलों के सामने झुकना होगा। जबकि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद हालात ऐसे नहीं थे। मौजूदा मोदी सरकार ने जो पहला बजट पेश किया है, उस पर टिप्पणी करते हुए भी कई विशेषज्ञ कह चुके हैं कि यह गठबंधन की मजबूरी के तहत पेश किया गया बजट लगता है।

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे के बाद से ही यह साफ दिख रहा है कि सहयोगी दलों ने बीजेपी पर दबाव बनाने की कोशिश की है और ऐसा न सिर्फ केंद्र में बल्कि राज्य में भी हो रहा है।

ताजा उदाहरण कांवड़ यात्रा को लेकर दिए गए उत्तर प्रदेश की सरकार के फैसले का है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। जब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानदारों को अपनी नेम प्लेट लगाने के लिए कहा तो बीजेपी के सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल, जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने इसका खुलकर विरोध किया।

इससे पहले जेडीयू ने केंद्र सरकार द्वारा अग्निवीर योजना की समीक्षा किए जाने की जरूरत बताई थी। मोदी सरकार में मंत्री और लोजपा (आर) के मुखिया चिराग पासवान ने भी कुछ ऐसा ही कहा था।

**अनुप्रिया पटेल ने भेजा था पत्र** :उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार में शामिल भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (सोनेलाल) की प्रमुख अनुप्रिया पटेल ने भी एक के बाद एक कई मुद्दों पर पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को मुश्किल में डाला है।

बिहार और आंध्र प्रदेश उनके राज्य को विशेष पैकेज देने की मांग कर रहे थे। उनकी इस मांग की भरपाई बजट में दोनों राज्यों के लिए जबरदस्त आवंटन की घोषणा करके की गई है। ऐसे में जब बीजेपी के पास बहुमत नहीं है और वह सहयोगी दलों के भरोसे ही सरकार चलाने को मजबूर है तो यह सवाल आखिर कितना मजबूत है कि बीजेपी की अगुवाई वाली यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर पाएगी या नहीं

**विपक्षी नेता बोले- गिरेगी यह सरकार** :कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सपा मुखिया अखिलेश यादव कह चुके हैं कि मोदी सरकार कुछ ही दिनों की मेहमान है। राजद के मुखिया लालू प्रसाद यादव भी कह चुके हैं कि अगस्त में नरेंद्र मोदी सरकार गिर जाएगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन जल्द ही केंद्र में सरकार बनाएगा।

योगेंद्र यादव की भविष्यवाणीजाने-माने चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव ने एशियन कॉलेज ऑफ़ जर्नलिज्म में दिए अपने हाल के भाषण में मोदी सरकार 3.0 की स्थिरता को लेकर अपनी बात रखी थी और इस संबंध में कुछ भविष्यिवाणी की थी।

यादव ने इस लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर भी आंकलन किया था, जो एकदम सटीक साबित हुआ था। उन्होंने यह भविष्यवाणी की थी कि भाजपा 240 सीटों के आसपास सिमट सकती है और चुनाव नतीजों में ऐसा ही हुआ।

योगेंद्र यादव कहते हैं कि बीजेपी ने इस चुनाव में 400 पार का नारा जरूर दिया था लेकिन शायद वह भी जानती थी कि एनडीए को इतनी सीटें नहीं मिलने वाली हैं। हालांकि भाजपा अपने दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं हासिल कर पाई है लेकिन फिर भी अगर आप सरकार बनने के बाद हुई घटनाओं को देखेंगे तो ऐसा लगता है कि सरकार ने कुछ नहीं सीखा है।

यादव ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण को देखिए, जिस तरह स्पीकर का चुनाव हुआ उसे देखिए, सड़कों पर हो रही लिंचिंग, बुलडोजरों के इस्तेमाल को देखिए, अरुंधति रॉय से लेकर मेधा पाटेकर के साथ क्या किया जा रहा है, इसे भी देखिए।

यादव ने कहा कि सरकार की शक्तियों का पहले से ज्यादा गलत इस्तेमाल होगा और ऐसे में कुछ तो करना ही पड़ेगा। वह कहते हैं कि विपक्ष को सक्रिय होना होगा क्योंकि आप इस सरकार के गिरने का इंतजार नहीं कर सकते हैं। ऐसा नहीं होगा और आपको सड़क पर उतर कर काम करना होगा।

यादव ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में चुनाव आ रहे हैं। मोदी सरकार को हराने के लिए काम करें। जब धीरे-धीरे सरकार पर दबाव बढ़ता है, सहयोगी विद्रोह करने लगते हैं, चीजें घटने लगती हैं और सरकार चली जाती है।योगेंद्र यादव ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को फिर से हासिल करने की लड़ाई को सामाजिक एजेंडे के साथ जोड़ना होगा और ऐसा मौका 25-30 साल में सिर्फ एक बार आता है, जब आप वास्तव में राजनीतिक और सामाजिक एजेंडे को जोड़ते हैं। यादव ने कहा कि सामाजिक एजेंडे से उनका मतलब है आर्थिक मोर्चा। बीजेपी से मुकाबला करने का तरीका यह है कि गरीबों का और सबसे निचले पायदान पर रह रहे लोगों का गठबंधन बनाना होगा।

दिल्ली कूच की तैयारी में हैं किसान

मोदी सरकार की मुसीबतों में इजाफा करने के लिए किसान एक बार फिर दिल्ली कूच करने की तैयारी में हैं। किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार ने एमएसपी को लेकर कानूनी गारंटी बनाने का वादा किया था लेकिन उसने अपना वादा नहीं निभाया। शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों ने 6 महीने तक का राशन पानी लेकर दिल्ली कूच की तैयारी कर ली है। पंजाब और हरियाणा से इस आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान शामिल हो सकते हैं। इससे पहले भी 2020 में जब कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन हुआ था तो पंजाब और हरियाणा से बड़ी संख्या में किसानों ने सिंघु, टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर डेरा डाल दिया था। तब सरकार को कृषि कानून वापस लेने पड़े थे।

**चुनावी राज्यों में फंस सकती है बीजेपी** :आने वाले चार महीनों के भीतर हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं और इन राज्यों में बीजेपी के लिए हालात ठीक नहीं दिखाई देते। किसानों ने अगर दिल्ली की ओर कदम बढ़ाए तो इससे चुनावी राज्य हरियाणा में बीजेपी की मुश्किलें जरूर बढ़ेंगी। पंजाब के साथ ही हरियाणा में भी किसान राजनीति बहुत ताकतवर है। अगर किसान उग्र हुए तो बीजेपी के लिए हरियाणा की सत्ता में वापसी कर पाना आसान नहीं होगा। लोकसभा चुनाव में किसान बीजेपी के उम्मीदवारों का पुरजोर विरोध कर अपनी ताकत दिखा चुके हैं।

**एनसीपी से गठबंधन तोड़ने को लेकर दबाव** :एक और चुनावी राज्य महाराष्ट्र में भी बीजेपी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। लोकसभा चुनाव में यहां पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है और बीजेपी इस बात को लेकर दबाव में है कि उसे विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के साथ गठबंधन तोड़ देना चाहिए। चुनावी राज्य झारखंड में बीजेपी को लोकसभा चुनाव में आदिवासी मतदाताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर आने के बाद पूरी सक्रियता के साथ बीजेपी को घेर रहे हैं।ऐसे में बीजेपी के लिए जरूरी है कि महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में कम से कम सरकार बनाने लायक सीटों के साथ जीत हासिल करे। ऐसा नहीं होने पर सहयोगी दलों का तो उस पर दबाव बढ़ ही जाएगा, पार्टी के अंदर भी विरोधी सुर तेज हो सकते हैं। इसका असर केंद्र सरकार की स्थिरता पर भी पड़ सकता है।

# भारत को धार्मिक स्वतंत्रता का उपदेश न दे अमेरिका

(फैजान मुस्तफा, कुलपति, सीएनएलयू, पटना)



अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने 2023 की अपनी रिपोर्ट में धार्मिक आजादी में गिरावट के लिए एक बार फिर भारत की आलोचना की है। इस रिपोर्ट को जारी करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने कहा, भारत में हम धर्मांतरण-विरोधी कानूनों, नफरती तकरीरों और अल्पसंख्यक समुदायों के घरों व ईबादतगाहों को तोड़ने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देख रहे हैं। इसे भारत सरकार ने पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर किस नैतिक अधिकार से अमेरिका हमें धार्मिक स्वतंत्रता पर उपदेश देता है? क्या 'धर्मनिरपेक्ष' अमेरिका की हाल-फिलहाल की घटनाएं इसकी तस्दीक नहीं करतीं कि इसे ईसाई राष्ट्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है?

जून की 28 तारीख को ओक्लाहोमा राज्य के सुपरिटेंडेंट रयान वाल्टर्स ने बाकायदा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बाइबिल एक अपरिहार्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पैमाना है। उनके मुताबिक, बाइबिल की बुनियादी जानकारी के बिना ओक्लाहोमा के छात्र अपने राष्ट्र की बुनियाद को ठीक से नहीं समझ सकते। इसी कारण, पांचवीं से लेकर बारहवीं कक्षाओं तक में अनिवार्य रूप से बाइबिल की एक प्रति होनी चाहिए, जिसके आधार पर शिक्षकों को अब पढ़ाना होगा। 19 जून को लुइसियाना ने भी इसी तरह का एक कानून बनाया, जिसमें राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में बाइबिल की दस आज्ञाएं प्रदर्शित करने की अनिवार्यता की गई है। साल 1791 में हुए पहले संशोधन का एक प्रावधान कहता है कि अमेरिकी कांग्रेस किसी धर्म की स्थापना का सम्मान करने या उसके सार्वजनिक अभ्यास को प्रतिबंधित करने वाला कोई कानून नहीं बनाएगी। यह प्रावधान मूल रूप से संघीय सरकार पर ही लागू था, लेकिन 14वें संशोधन (1868) में इसे सभी राज्यों पर आयद कर दिया गया। मगर साल 1949 तक अमेरिका के 37 राज्यों में सरकारी स्कूलों में किसी न किसी तरह से बाइबिल पढ़ाई जाती थी, जबकि 12 राज्यों ने कानूनी प्रावधानों के माध्यम से इसे अनिवार्य बना रखा था। 1955 में न्यूयॉर्क ने एक प्रार्थना की सिफारिश (स्वैच्छिक) की, हे सर्वशक्तिमान ईश्वर, हम आप पर अपनी निर्भरता को स्वीकार करते हैं और हम आपसे खुद पर, अपने माता-पिता पर, शिक्षकों पर और देश पर आशीर्वाद बरसाने की याचना करते हैं। इसके उलट, साल 2015 में भारत के केंद्रीय विद्यालयों में समान प्रार्थना वाली व्यवस्था अनिवार्य की गई थी, जिसे चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के लिए स्वतंत्रता और धर्म से भी आजादी की वकालत करती है। माना जाता है कि अमेरिका एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में हमसे काफी आगे है, पर उसकी न्यायपालिका से परेशान करने वाली टिप्पणियां आती रही हैं। अमेरिकी संविधान में भले चर्च और राज्य को अलग-अलग रखा गया है, पर जोराच बनाम क्लॉसन मामले (1952) में न्यायमूर्ति विलियम ओ डगलस ने कहा, हम धार्मिक लोग हैं, जिनकी संस्थाएं सर्वोच्च सत्ता को मानती हैं। इतना ही नहीं, अमेरिकी सीनेट में एक पादरी है, और वहां की सशस्त्र सेनाओं में नाश्ते से पहले प्रार्थना अनिवार्य है। सबसे दिलचस्प तो यह है कि इस 'धर्मनिरपेक्ष' देश की शीर्ष अदालत में, पब्लिक सेशन की शुरुआत इस पंक्ति के साथ होती है कि ईश्वर इस माननीय न्यायालय की रक्षा करे। साल 1864 में इसे ईसाई राष्ट्र बनाने का एक संशोधन प्रस्ताव भी पेश किया गया था, जिसे एक दशक बाद हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी ने खारिज कर दिया। मगर आज भी चर्चों को संपत्तियों के लिए करों में छूट दी जाती है, धार्मिक स्कूलों की किताबों में भी सब्सिडी दी जाती है, पर भारत में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है और प्रस्तावना में ईश्वर का आह्वान करने का प्रस्ताव संविधान सभा ही खारिज कर चुकी है।

अमेरिका में जहां विभिन्न मौकों पर शीर्ष अदालत ही नहीं, शीर्ष नेताओं ने भी अमेरिका के ईसाई चरित्र को स्वीकार किया है, वहीं भारत में किसी भी अदालत या उच्च सांविधानिक पद पर आसीन शख्स ने देश को हिंदू राष्ट्र नहीं बताया। हमारे सुप्रीम कोर्ट ने तो यही माना कि हिंदुत्व के नाम पर अपील धर्म नहीं है और चुनाव में इसके नाम पर वोट मांगना एक भ्रष्ट आचरण है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5456

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| 9 | | | ■ | ■ | ■ | ■ | 10 |
| | ■ | ■ | 11 | 12 | | 13 | |
| 14 | 15 | 16 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | | 20 |
| 21 | | ■ | 22 | ■ | | ■ | |
| 23 | | | | ■ | 24 | | |

संकेतः बाएं से दाएं
1. अमेरिकी कांग्रेस ने 23 सितंबर 1986 को इस पुष्प को अमेरिका का राष्ट्रीय फूल चुना (3)
4. प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
7. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
8. कामदेव के नामों में से एक, मनोज (3)
9. शेष रहना, कामचोरी करना (3)
11. मुगल शासकों के शासन करने का समय (5)
14. भारत का एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र या अखबार, नया जमाना (5)
17. बल, फूंक (2)
18. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडुपुत्र भीम का एक नाम (4)
21. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने 180 से अधिक फिल्मों में काम किया (2)
23. यह मुगल शासक भारत का पांचवा मुगल शहंशाह था (4)
24. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)

ऊपर से नीचे
1. फूल जैसा कोमल बदन वाला या बदनवाली (5)
2. लोभ, लोलुपता (3)
3. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
4. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
5. उन्माद, मद्य, मन तरंग (2)
6. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)
10. वर्ष, परकोटा, वय गणना (2)
11. ऋषि, तीर्थंकर, अवाचाल (2)
12. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
13. मुंशी, लिखने वाला (3)
15. मुसल्ला (4)
16. पूंछ, लूम (2)
19. दीन, दरिद्र, कंगाल, निर्धन (3)
20. रिश्तें में कुछ होना, सटना (3)
21. किसी वस्तु को पाने की प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (2)
22. किस जगह, किस स्थान पर, किधर (2)

### वर्ग पहेली 5455 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | इ | क | ल | फै | रा | डे | ■ |
| या | क | ■ | ता | न | ■ | ब | ला |
| ■ | रा | पी | ■ | ■ | ई | रा | न |
| मो | र | ■ | द | र | मा | ■ | त |
| र | ■ | शो | ■ | म | न | न | ■ |
| ध्व | नि | ले | ख | ■ | डि | ग | ना |
| ज | ज | ■ | रा | ज | ग | ■ | म |
| ■ | ता | ला | ब | ■ | ना | सि | क |

# अमेरिका में चुनावी लड़ाई फिर नस्ल और लिंगभेद पर आई

(हर्ष वी पंत, प्रोफेसर, किंग्स कॉलेज लंदन)

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से विपक्षी डेमोक्रेट कमला हैरिस पर नस्लीय टिप्पणी करने लगे हैं, उससे चुनाव के गहरे संकेत मिल रहे हैं। निस्संदेह, ट्रंप ऐसे नेताओं में गिने जाते हैं, जो ऐसी टीका-टिप्पणियों से परहेज नहीं करते। बराक ओबामा हो या निक्की हेली, उन्होंने कई नेताओं पर लांछन लगाए हैं। मगर अभी उनके निशाने पर कमला हैरिस क्यों हैं, जबकि उन्हें अभी डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना आधिकारिक प्रत्याशी भी नहीं घोषित किया है?

दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडन की चुनाव से हटने की घोषणा के बाद कमला हैरिस अचानक सुर्खियों में आ गईं। अब तक उनकी पहचान बाइडन की छाया के रूप में थी। उन्होंने भी अपनी कोई महत्वाकांक्षा जाहिर नहीं की थी। मगर उनका महिला होना और वह भी उनके अफ्रीकी-अमेरिकी समुदाय के होने से डेमोक्रेटिक के आधार वोटबैंक में एक नया उत्साह आ गया है। बाइडन सहित कईअन्य नेताओं ने उनका खुलकर समर्थन किया है, जिससे जॉर्जिया जैसे राज्यों में भी, जहां बाइडन पर ट्रंप भारी पड़ते दिख रहे थे, डेमोक्रेटिक पार्टी मुकाबले में आ गई है। स्थिति यह है कि लोकप्रियता के मामले में कमला हैरिस ने ट्रंप और बाइडन के बीच बढ़ते अंतर को पाट दिया है और कई राज्यों में तो वह ट्रंप से आगे निकल गई हैं। यह अंतर अभी ज्यादा नहीं है, मगर अंदरखाने उनके पक्ष में एक लहर जरूर चलने लगी है। इसका असर नॉर्थ कैरोलिना, एरिजोना, नेवाडा जैसे तमाम स्विंग स्टेट्स (जहां के मतदाताओं का रुख स्पष्ट नहीं है कि वे किस पार्टी का समर्थन करेंगे) में भी दिखने लगा है और डेमोक्रेटिक पार्टी उठ खड़ी हुई है। जबकि, इन्हीं स्विंग स्टेट्स में मामूली अंतर की जीत से जो बाइडन व्हाइट हाउस पहुंचे थे।डोनाल्ड ट्रंप इस सच से वाकिफ हैं। बाइडन को वह उम्र या सेहत के मुद्दे पर घेरने में सफल हो रहे थे, पर कमला हैरिस के खिलाफ यह रणनीति अपने पांवों पर कुल्हाड़ी मारने जैसी होगी। पहले यही कहा जा रहा था कि दो श्वेत बुर्जुग आमने-सामने हैं, पर अब यह लड़ाई बुजुर्ग बनाम नौजवान की बनती दिख रही है। लिहाजा, हैरिस पर ट्रंप कई तरह की प्रतिकूल टिप्पणियां करने लगे हैं। हालांकि, सच यह भी है कि बतौर उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस बहुत ज्यादा अपनी छाप छोड़ने में सफल नहीं रही हैं। उन्हें बाइडन प्रशासन में जो नीतिगत जिम्मेदारियां दी गई थीं, वे बहुत अहम नहीं थीं। इतना ही नहीं, वह भारतवंशी के बजाय अफ्रीकी-अमेरिकी कहलाना ज्यादा पसंद करती हैं, जिसे कुछ लोग उनकी सियासी मजबूरी भी कहते हैं, क्योंकि इसका उन्हें पहले के चुनावों में फायदा मिला है। मगर राष्ट्रपति पद की दावेदारी के करीब यूं अचानक पहुंच जाने से लोगों की उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं,

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके सुख सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके रुके कार्य सिद्ध होंगे और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। सम्मान प्राप्त होगा और आपके रुके कार्य सिद्ध होंगे। धार्मिक यात्रा का प्रसंग स्थगित हो सकता है और शुभ व्यय कीर्ति में वृद्धि होगी।

### वृषभ
आज लाभ होगा और आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। महान व्यक्तियों की कृपा से आपको धन लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। अवसर का लाभ उठाने के लिए सचेत रहें और अपने काम पर फोकस करें।

### मिथुन
आज दिन करियर के मामले में लाभ देने वाला होगा और आपको कहीं से शुभ समाचार मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपकी माता को कष्ट कर सकता है। व्यवसाय में सावधानी बरतें और जोखिम के काम से दूर रहें।

### कर्क
आज लाभ होगा और आपका दिन सुख शांति में बीतेगा। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज कम हो जाएगा। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में आपकी विजय होगी और दिन लाभ व सम्मान से भरा होगा।

### सिंह
आज अचानक से लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन लाभ होने से आपके मन को काफी संतोष रहेगा। शाम के समय हर्षदायक समाचार मिलेगा और आपके मन को खुशी होगा।

### कन्या
आज लाभ होगा और आज आपके सुस्त पड़े कारोबार में सुधार होगा और आपको धन लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। धन लाभ होने से मनोबल बढ़ेगा और आपको संतान पक्ष के लोगों से सुखद समाचार मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### तुला
आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी और राजनीतिक क्षेत्र में काम करने का शुभ अवसर आपको मिलेगा। सांसारिक सुख भोग का लाभ होगा और आपके लिए सुख समृद्धि का दिन है। रात में किसी विशेष समारोह में महान व्यक्ति के मिलने से बहुत समय से स्थगित चल रहे महत्वपूर्ण कार्य में गति आएगी और आपको खुशी होगी।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपका दिन तनावमुक्त होगा। किसी भी मामले में सोचसमझकर विवेक से काम लें। व्यर्थ के विवाद में न उलझें, हानि हो सकती है। खानपान में सावधानी बरतें। वरना आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

### धनु
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आर्थिक लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ व्यय से आपको कष्ट हो सकता है। नज़दीक व दूर की सकारणीय यात्रा के प्रसंग प्रबल होंगे। आपके लिए शाम को धन आगमन के योग बन रहे हैं और आपको बिजनस में जबर्दस्त लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### मकर
आज लाभ का दिन है। आज का दिन प्रभाव बढ़ाने का है और आपकी सुख संपत्ति में वृद्धि होगी। ज़मीन की खरीद फरोख्त के मामले में सावधान रहें। अच्छे लोगों का साथ मिलने से आपको प्रसन्नता होगी और आपको शुभ कार्य में लाभ होगा। मन में प्रसन्नता होगी।

### कुंभ
आज लाभ का दिन है और आपके आय के नए स्रोत में इजाफा होगा और आपको दोस्तों से लाभ होगा। किसी के सहयोग से आपका कोई रुका कार्य बन सकता है और आपको करियर व कारोबार के मामले में लाभ होगा। आपके सुख में वृद्धि होगी और अचानक से पैसा मिलने से आपकी कई रुकी योजनाएं फिर से आरंभ हो सकती हैं।

### मीन
आज लाभ का दिन है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जाएगा। किसी कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा और आपको लाभ होगा। किस्मत का साथ मिलने से आपको रुका पैसा मिल सकता है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नहीं रहे भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा, हार्ट अटैक से हुआ निधन



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के सलूंबर विधायक अमृतलाल मीणा का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उदयपुर के एमबी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सीने में दर्द की शिकायत पर देर रात हॉस्पिटल में उन्हें भर्ती कराया गया था।वह लगातार तीन बार विधायकी का चुनाव जीते थे। अमृत लाल मीणा के निधन के बाद राजस्थान विधानसभा में भाजपा विधायकों की संख्या घटकर 114 हो गई है। 15 सितंबर 1959 को जन्मे अमृतलाल मीणा लगातार तीसरी बार सलूंबर से विधायक चुने गए थे। करीब 65 वर्षीय मीणा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कर्मठ कार्यकर्ता थे। मीणा ने बीजेपी में कई अहम पदों पर अपना दायित्व निभाया था।मीणा के निधन से उनके क्षेत्र और बीजेपी में शोक की लहर दौड़ गई है।उदयपुर के एमबी अस्पताल में बीजेपी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक, भाजपा के जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली समेत कई पदाधिकारी एमबी अस्पताल पहुंच चुके हैं। अमृतलाल मीणा की पार्थिव शरीर अस्पताल में ही रखी गई है। दरअसल, जयपुर से सलूंबर जाते समय विधायक अमृतलाल मीणा की तबियत बिगड़ी थी। उनके सीने में दर्द होने लगा था। देर रात उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया। उनके शव को पोस्टमार्टम किया जाएगा। अमृतलाल मीणा के निधन पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है।उन्होंने एक्स पर लिखा, अत्यन्त दु:खद! सलूंबर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक श्री अमृत लाल जी मीणा का हृदयाघात से निधन के समाचार से स्तब्ध हूं।यह भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि उनकी पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान एवं परिवारजनों को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करें। शांति!

### छत्तीसगढ़ में 8 हथियारबंद लोगों से भिड़ गई बेटी, बाप को मौत के मुंह से बचाया

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी लड़की के अदम्य साहस का मामला सामने आया है। 17 साल की इस बहादुर लड़की ने आठ हथियारबंद लोगों से लड़कर अपने पिता के जान की रक्षा की। एक रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नारायणपुर के एक गांव में एक 17 वर्षीय आदिवासी लड़की ने आठ हथियारबंद लोगों के एक समूह से लड़कर अपने पिता की जान बचाई। हालांकि इस दौरान उसके पिता सोमधर कोर्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। लड़की ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार रात को जब वह अपने पिता को खाना परोसने वाली थी तो कुछ लोगों ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया। वे लोग उसके पिता से मिलना चाहते थे। उसके पिता ने दरवाजा खोल दिया। लड़की ने जब खिड़की से बाहर देखा तो वे लोग नकाबपोश थे और कुल्हाड़ियां लिए हुए थे। उनमें से दो के पास बंदूकें थीं। जैसे ही उसके पिता दरवाजा खोलकर बाहर निकले, वे लोग उस पर टूट पड़े। उसने अपने पिता को उन लोगों के बीच घिरा देखकर हैरान रह गई। उन लोगों की संख्या आठ थी। वह तुरंत बाहर निकली और कुल्हाड़ी चलाने वाले हमलावरों में से एक पर झपट पड़ी। लड़की ने उससे हथियार छीनकर फेंक दिया। उसके बाद वह उन सबसे भिड़ गई। लड़की के इस रूप को देखकर थोड़ी देर के लिए हमलवार हक्के-बक्के रह गए। इसी बीच एक हमलावर ने अपनी कुल्हाड़ी उसके पिता की छाती पर दे मारी। इस बीच पड़ोस में रहने वाले लोग वहां पहुंच गए। पड़ोसियों के हस्तक्षेप के बाद हमलावरों का गिरोह वहां से भाग गया। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात सिंह ने कहा कि पुलिस ने हत्या के प्रयास की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार को माओवादियों का हाथ होने का संदेह है।

### राजस्थान में क्या कांग्रेस बचा पाएगी राज्यसभा की अपनी एक सीट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में राज्यसभा की एक सीट के लिए उप चुनाव 3 सितंबर को होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने तारीख का ऐलान कर दिया है। राजस्थान से राज्यसभा सांसद रहे केसी वेणुगोपाल का कार्यकाल जून 2026 तक था। लेकिन, लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद उन्हें राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा देना पड़ा था। ऐसे में राजस्थान की एक राज्यसभा सीट खाली हुई। राज्यसभा सीट खाली होने के बाद छह महीने के भीतर राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव कराए जाएंगे। संख्या बल के हिसाब से बीजेपी का सीट जीतना तय माना जा रहा है। जीत के लिए 99 विधायकों के वोट चाहिए। जबकि कांग्रेस के पास 66 विधायक है। बीजेपी के पास 115 विधायक है। राजस्थान की 10 राज्यसभा सीटों में से फिलहाल 6 सीटें कांग्रेस के पास है। वहीं, चार सीटें बीजेपी के पास है। सोनिया गांधी, नीरज डांगी, प्रमोद तिवारी, रणदीप सिंह सुरजेवाला और मुकुल वासनिक कांग्रेस से राज्यसभा सांसद है। वहीं, केसी वेणुगोपाल इस्तीफा दे चुके है। इस ?के अलावा घनश्याम तिवाड़ी, मदन राठौड़, चुन्नीलाल गरासिया और राजेंद्र गहलोत बीजेपी से राजस्थान में राज्यसभा सांसद है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने राजस्थान सहित देश के 9 राज्यों की 12 राज्य सभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव का ऐलान कर दिया है। राजस्थान में एक राज्यसभा सीट पर उप चुनाव होना है। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल राजस्थान से राज्यसभा सांसद थे, लेकिन हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में वेणुगोपाल केरल की अलाप्पुझा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए है।

# पाकिस्तान से बात करे मोदी सरकार, करतारपुर की तरह ननकाना साहिब कॉरिडोर भी हो: राघव चड्ढा



**चंडीगढ़, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को राज्यसभा में श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर का मुद्दा उठाया। राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि केंद्र सरकार श्री करतारपुर कॉरिडोर की तरह श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर के लिए भी एक सुरक्षित कॉरिडोर बनाने के लिए पाकिस्तान सरकार से बात करे। राज्यसभा सांसद चड्ढा ने राज्यसभा में केंद्र सरकार से श्री ननकाना साहिब के लिए एक कॉरिडोर बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह मामला करोड़ों पंजाबियों की आस्था से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि वह बहुत भाग्यशाली हैं कि उन्हें सदन में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। पंजाब एक ऐसा राज्य है, जिसकी भूमि गुरु साहिबान की कृपा से पवित्र है। 1947 में जब देश का बंटवारा हुआ, तब न सिर्फ देश 2 हिस्सों में बंट गया, बल्कि हमारा पंजाब भी 2 हिस्सों में बंट गया। एक पंजाब पाकिस्तान में रहा और दूसरा भारत में शामिल हो गया। जब देश का विभाजन हुआ, तो मेरे परिवार सहित लाखों पंजाबी परिवारों का खून बहाया गया। हमारे कई दोस्त और रिश्तेदार हमसे अलग हो गए, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे गुरुद्वारा साहिब हमसे अलग हो गए।

**पासपोर्ट, वीजा की अनिवार्यता को समाप्त करें :** चड्ढा ने बताया कि आज श्री करतारपुर साहिब, श्री पंजा साहिब और श्री ननकाना साहिब जैसे कई ऐसे गुरुद्वारा हैं जो पाकिस्तान में स्थित हैं। इनमें से श्री ननकाना साहिब सबसे पवित्र स्थान है जहां श्री गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था, जो लाहौर से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा के सामने अपनी मांग रखते हुए कहा कि संगत श्री ननकाना साहिब जी के दर्शन के लिए हर रोज प्रार्थना करती है। राघव चड्ढा ने कहा कि जिस तरह श्री करतारपुर साहिब कॉरीडोर बनाकर संगत को दर्शन करने का मौका मिला और मत्था टेकने की व्यवस्था की गई, उसी तरह श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर पर भी काम किया जाए। भारत और पाकिस्तान की सरकारों को संयुक्त रूप से एक कॉरिडोर बनाना चाहिए ताकि भारत से श्रद्धालु श्री ननकाना साहिब जी जा सकें। श्री ननकाना साहिब जी की यात्रा के लिए वीजा, पासपोर्ट, शुल्क या किसी जटिल फॉर्म की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसके लिए एक सरल प्रक्रिया होनी चाहिए।

**सुरक्षित सड़क मार्ग बने :** राघव चड्ढा ने अपनी तीसरी मांग रखते हुए कहा कि अमृतसर के वाघा-अटारी बॉर्डर से श्री ननकाना साहिब जी के बीच की दूरी 104 किलोमीटर है। यह दूरी कार या बस से अढ़ाई घंटे में आसानी से तय की जा सकती है। इस सड़क को सुरक्षित मार्ग बनाना चाहिए। सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि अगर यह मांग पूरी हो गई तो पूरी दुनिया में शांति और सौहार्द का बहुत बड़ा संदेश जाएगा। साथ ही करोड़ों श्रद्धालुओं का आशीर्वाद दोनों देशों की सरकारों को मिलेगा। इस संबंध में आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार भी भारत सरकार का पूरा सहयोग करेगी।

### फडणवीस से बोले अजित पवार- मुझे मुख्यमंत्री बनाते तो पूरी एनसीपी साथ ले आता

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने बुधवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिवसेना ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की पेशकश की होती तो वह पूरी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को अपने साथ ले आते। पवार ने वर्तमान मुख्यमंत्री की जीवनी 'योद्धा कर्मयोगी - एकनाथ संभाजी शिंदे' के विमोचन के अवसर पर मजाकिया लहजे में कहा कि राजनीति में वह मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दोनों से वरिष्ठ हैं। आपको बता दें कि इस कार्यक्रम में शिंदे और फडणवीस भी मौजूद थे। जुलाई 2023 में अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर दी थी और वह एनसीपी को तोड़कर भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए थे। अजित पवार ने कहा, ''सभी आगे निकल गए और मैं पीछे रह गया।'' उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस पहली बार 1999 में और शिंदे 2004 में विधायक बने थे, जबकि वह पहली बार 1990 में विधानसभा के सदस्य बने थे। पवार ने चुटकी लेते हुए कहा, ''मैंने कुछ लोगों से मजाक में कहा था कि जब आपने (भाजपा की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए) एकनाथ शिंदे से कहा था कि वे इतने विधायकों के साथ आएं।

### एकनाथ शिंदे सरकार के बजट पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, कहा- अदालत को हल्के में मत लो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वन भूमि पर इमारतों के निर्माण और प्रभावित निजी पक्ष को मुआवजा देने के मामले में जवाब दाखिल नहीं करने को लेकर बुधवार को महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार के पास लाडली बहना और लड़का भाऊ जैसी योजनाओं के तहत मुफ्त चीजें बांटने के लिए धनराशि है, लेकिन जमीन के नुकसान की भरपाई के लिए धन नहीं है। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए 13 अगस्त तक का समय देते हुए कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो मुख्य सचिव को न्यायालय में पेश होना होगा। उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र में वन भूमि पर इमारतों के निर्माण से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रहा था। एक निजी पक्ष ने शीर्ष अदालत से उस भूमि पर कब्जा पाने में सफलता प्राप्त कर ली है, जिस पर राज्य सरकार ने अवैध रूप से कब्जा किया था। महाराष्ट्र सरकार ने दावा किया है कि उक्त भूमि पर आयुध अनुसंधान विकास प्रतिष्ठान संस्थान (एआरडीईआई) का कब्जा था, जो केंद्र के रक्षा विभाग की एक इकाई थी। सरकार ने कहा कि बाद में एआरडीईआई के कब्जे वाली जमीन के बदले निजी पक्ष को दूसरी जमीन आवंटित कर दी गई। हालांकि, बाद में पता चला कि निजी पक्ष को आवंटित जमीन को वन भूमि के रूप में अधिसूचित किया गया था। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाते हुए कहा, तेइस जुलाई के हमारे आदेश के अनुसार, हमने आपको (राज्य सरकार को) हलफनामे पर भूमि के स्वामित्व पर अपना रुख स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। अगर आप अपना जवाब दाखिल नहीं करेंगे तो हम आपके मुख्य सचिव को अगली बार यहां उपस्थित रहने को कहेंगे... आपके पास लाडली बहना और लड़का भाऊ के तहत मुफ्त सामान बांटने के लिए पैसे हैं, लेकिन जमीन के नुकसान की भरपाई के लिए पैसे नहीं हैं।

### मदरसों में छात्रों की बायोमीट्रिक हाजिरी लगेगी, ओमप्रकाश राजभर ने आधुनिक बनाने पर दिया जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रदेश के पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि बायोमीट्रिक हाजिरी की व्यवस्था छात्रों की बेहतरी के लिए है, न कि परेशानी के लिए। मदरसों में चरणबद्ध तरीके से यह व्यवस्था कड़ाई से लागू की जाए। वह बुधवार को विधान भवन के तिलक हाल में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधार आधारित बायोमीट्रिक में आ रही समस्याओं की जगह पर फेस या फिंगर बायोमीट्रिक व्यवस्था का कड़ाई से पालन किया जाए। इसकी प्रभावी निगरानी के लिए उन्होंने मंडलवार प्रभारी बनाए जाने के निर्देश दिए। जिससे कि प्रभावी मॉनीटरिंग भी किया जा सके। मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित मदरसा ई-लर्निंग ऐप (मेला) को सभी बच्चों को डाउनलोड करा। इस ऐप को डाउनलोड कर छात्र उसमें उपलब्ध पाठ्य-सामग्री का अपने अध्ययन में उपयोग कर सकते हैं। छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक बच्चों को दिलाने का निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि 10 जुलाई से 31 अक्तूबर के बीच आवेदन कराकर पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना एवं 17 नवंबर से 31 दिसंबर 2024 के बीच आवेदन कराकर दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना का अधिक से अधिक लाभ अल्पसंख्यक छात्रों को मुहैया कराया जाए।

# 'बांग्लादेश से सबक लें युवा, यहां भी बेरोजगारी, महंगाई समेत कई मुद्दे': महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि बांग्लादेश की घटना से यहां के युवाओं को भी सबक लेना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में बात करते हुए मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के युवाओं के पास भी बहुत सारे मुद्दे हैं, हमें बांग्लादेश से सबक लेना चाहिए। इसके साथ ही राजनीतिक दलों को सलाह देते हुए मुफ्ती ने कहा, बांग्लादेश में जो कुछ भी हुआ है और हो रहा है, मुझे लगता है कि हमारे देश को इससे सबक लेना चाहिए। जब आपके पास एक बड़ी युवा आबादी होती है और आप उन्हें नजर अंदाज करने की कोशिश करते हैं, जब महंगाई और बेरोजगारी की मार उन पर पड़ती है,तब ऐसे हालात पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षण कमजोर वर्ग के लिए अच्छा है, लेकिन यह जनसंख्या के अनुपात में होना चाहिए। हमें बांग्लादेश से सबक लेना चाहिए कि तानाशाही लंबे समय तक नहीं टिकती है और लोगों के धैर्य की सीमा आखिर टूट ही जाती है। वह इतने पर ही नहीं रुकीं। उन्होंने आगे कहा कि तब आपको भी शेख हसीना की तरह भागना पड़ेगा।



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर के संबंध में हमें बांग्लादेश से सबक लेना चाहिए, जहां युवाओं के पास बहुत सारे मुद्दे हैं, इसके अलावा युवा असहाय महसूस कर रहे हैं जैसा कि बांग्लादेश में हुआ था। शोषण, दबाव और यूएपीए का मुद्दा, सभी इसमें शामिल हैं। मुझे लगता है कि इसे बदलने की जरूरत है। हालांकि, मुझे उम्मीद है कि बांग्लादेश की स्थिति यहां नहीं दोहराई जाएगी।

बता दें कि पड़ोसी देश बांग्लादेश फिलहाल राजनीतिक अस्थिरता और उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। आरक्षण के खिलाफ छात्रों ने वहां प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था, जिसके बाद देशभर में स्थिति बदतर हो गई। आखिरकार पीएम शेख हसीना को 5 अगस्त को बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा और देश छोड़कर भागना पड़ा। बांग्लादेश में छात्र मुख्य रूप से सरकारी नौकरियों के लिए कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे। इस पर विरोध-प्रदर्शन बड़ा आंदोलन बन गया, जिसमें 300 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, शेख हसीना के बांग्लादेश के प्रधान मंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के एक दिन बाद, राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अंतरिम प्रशासन के गठन का रास्ता बनाने के लिए देश की संसद को भंग करने की घोषणा की है। रिपोर्ट के अनुसार नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

# भारत लौटते ही सोनिया गांधी से मिलीं ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, एयरपोर्ट से घर तक भव्य स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर किसी एक ओलंपिक में दो पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद बुधवार को स्वदेश पहुंच गईं। भारत पहुंचने के बाद उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। भाकर ने सोनिया गांधी से उनके 10 जनपथ स्थित आवास पर मुलाकात की। खुद कांग्रेस पार्टी ने इस मुलाकात की तस्वीर शेयर किया है।

कांग्रेस पार्टी ने लिखा, आज सीपीपी चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी से पेरिस ओलंपिक में दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाने वाली मनु भाकर ने मुलाकात की। इससे पहले मनु भाकर जब भारत पहुंचीं तो लगातार हो रही बूंदाबांदी के बावजूद सैकड़ों समर्थकों और उनके परिजनों ने यहां उनका भव्य स्वागत किया। मनु को पेरिस से दिल्ली लाने वाली एयर इंडिया की उड़ान (एआई 142) एक घंटे की देरी से सुबह करीब नौ बजकर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची थीं। शहर में सुबह से हो रही बूंदाबांदी के बावजूद उनके आगमन से काफी पहले से हवाई अड्डे पर इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों ने उनका और उनके कोच जसपाल राणा का जोरदार स्वागत किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। वह स्वतंत्रता के बाद किसी एक ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है।

उनसे पहले, केवल ब्रिटिश मूल के भारतीय एथलीट नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 ओलंपिक में 200 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। मनु ने भारत रवाना होने से पहले कहा था कि वह भव्य स्वागत की उम्मीद कर रही हैं और बुधवार को उन्हें कोई निराशा नहीं हुई। यह युवा खिलाड़ी जैसे ही हवाई अड्डे से बाहर निकली उनका गुलदस्तों, मालाओं और ढोल बजाकर स्वागत किया गया। मनु और उनके कोच जसपाल राणा के बाहर निकलने पर उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गई। मनु और राणा को इसके बाद लोगों ने अपने कंधों पर उठा दिया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था। विश्व कप में कई बार स्वर्ण पदक जीत चुकी मनु मुस्कुरा कर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रही थी तथा पूरे गर्व के साथ पेरिस ओलंपिक में जीते गए अपने दोनों पदक लोगों को दिखा रही थी। मनु का स्वागत करने के लिए उनके माता-पिता राम किशन और सुमेधा तथा उनके गृह राज्य हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड के खेल प्रेमी और अधिकारी भी पहुंचे थे। हवाई अड्डे पर जसपाल के पिता नारायण सिंह राणा की उपस्थित थे। उत्तराखंड के पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा ने कहा,''यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत की एक बेटी ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचकर वापस आ रही है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। वह केवल 22 साल की है।''

उन्होंने कहा,'' वह अपने कोच जसपाल राणा के साथ आ रही हैं। वह मेरा बेटा है। उसने निशानेबाजी में भारत के लिए खेलकर गौरव बढ़ाया। इसकी शुरुआत जसपाल राणा और अभिनव बिंद्रा ने की थी।

### शेख हसीना को शरण देना सही, बांग्लादेश की नई सरकार के साथ भी न बिगड़ें रिश्ते - मणिशंकर अय्यर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण देकर भारत ने अपनी सांस्कृतिक परंपरा का निर्वाह किया है, लेकिन उनकी खातिर बांग्लादेश की नई सरकार से हमें अपने रिश्ते भी नहीं बिगाड़ने चाहिए।

अय्यर ने यहां आईएएनएस के साथ खास बातचीत में कहा, मुझे खुशी है कि हिंदुस्तान ने उनका स्वागत किया है, और यह भी इशारा किया है कि जब तक कि वह खुद तय करती हैं कि वह कहां जाकर बसना चाहती हैं, तब तक उनका भारतवर्ष में स्वागत है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्रियों में से हमारे देश के लिए सबसे बेहतरीन शेख हसीना ही रही हैं। उन्होंने कहा, उनकी सोच बिल्कुल सेकुलर है। उन्होंने अपने देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के बचाव के लिए, उनकी प्रगति के लिए, उनको बड़े समाज में शामिल करने के लिए बहुत कुछ किया है, जो काबिल-ए-तारीफ है। कांग्रेस नेता ने कहा, लेकिन जो नई सरकार आ रही है बांग्लादेश में, हमें यह मानना चाहिए कि यह तय करना बांग्लादेश का हक है कि कौन सरकार चलाएगा। और जो भी आए उनके साथ अच्छे संबंध कायम करना हमारा फर्ज बनता है। ऐसा न हो कि हसीना की खातिर हम अपने रिश्ते बांग्लादेश के साथ बिगाड़ें। उन्होंने कहा कि शेख हसीना भारत की बहुत करीब की मित्र रही हैं, और आज उनके मुश्किल समय में भारत ने उन्हें शरण दी है। भारत हमेशा से शरण देता आया है, हमारी विरासत में यह है कि हमारे दोस्त जब दिक्कत में पड़ जाते हैं तो उनको भरोसा होना चाहिए कि उनको यहां भारत में शरण मिलेगी। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ छात्रों का प्रदर्शन उग्र रूप ले चुका है। छात्रों का प्रदर्शन हिंसक हो गया। हालात ऐसे हो गये कि प्रधानमंत्री शेख हसीना को सोमवार को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। वह इस समय भारत में हैं। राष्ट्रपति ने संसद भंग कर दी है। गुरुवार रात वहां नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का शपथ ग्रहण होना है। अय्यर ने कहा कि खबरें आ रही हैं कि बांग्लादेश के घटनाक्रम के पीछे शायद पाकिस्तान और अमेरिका का दखल रहा हो, लेकिन अब तक कोई पक्के सबूत नहीं हैं। भारत के दूसरे पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ वार्ता के बारे में उन्होंने ने कहा कि हमारे देश के अल्पसंख्यकों के लिए उसके साथ वार्ता जरूरी है। दुनिया में ऐसा लगना चाहिए कि जो देश विश्व गुरु बनना चाहता है वह अपने ही पड़ोस में जो उनके दुश्मन हैं, उनके साथ वार्तालाप करके मसलों का हल निकालने का प्रयास तो कर रहा है।

# खाली हुई सात सीटें, 10 पर मिलेगी जीत, राज्यसभा में बढ़ेगी भाजपा की ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा के दस सांसदों के लोकसभा के लिए चुने जाने और दो सांसदों के इस्तीफों से रिक्त हुई 12 सीटों के लिए उपचुनाव में भाजपा लाभ की स्थिति में रहेगी। यह उपचुनाव तीन सितंबर को नौ राज्यों में होंगे। अगर सीटों की संख्या के बराबर ही उम्मीदवार रहे तो कई सीटों के निर्वाचन की घोषणा 26-27 अगस्त को नाम वापसी के दिन ही हो जाएगी।

चुनाव आयोग ने बुधवार को राज्यसभा की रिक्त 12 सीटों के लिए चुनावों की घोषणा की है। इनमें दस सीट वह है, जो लोकसभा चुनाव जीतने के बाद राज्यसभा से इस्तीफे से रिक्त हुई हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल और ज्योतिरादित्य सिंधिया (सभी भाजपा) के साथ कामाख्या प्रसाद तासा (भाजपा), मीसा भारती (राजद), विवेक ठाकुर (भाजपा), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (कांग्रेस), उदयनराजे भोसले (भाजपा), केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस) और बिप्लब कुमार देब (भाजपा) शामिल हैं। अन्य दो सीट बीआरएस के केशव राव के कांग्रेस में शामिल होने से और बीजद की ममता मोहंता के भाजपा में शामिल होने से रिक्त हुई हैं।

उपचुनाव में भाजपा की सात सीट खाली हुई है और उसके पास दस सीट आएंगी। जबकि कांग्रेस को उसकी खाली हुई दो सीट की जगह एक ही



मिल पाएगी। राजद, बीजद और बीआरएस को एक-एक सीट का नुकसान होगा। असम से दोनों सीट भाजपा सांसदों की रिक्त हुई हैं और राज्य में भाजपा सरकार होने से दोनों सीट भाजपा को ही मिलेंगी। बिहार में राजद और भाजपा की एक-एक सीट रिक्त हुई है। राज्य में भाजपा गठबंधन के सत्ता में होने से दोनों सीट उसके पास आएंगी। इनमें एक भाजपा और दूसरा सहयोगी दल को जा सकती है।

हरियाणा में एक सीट कांग्रेस की रिक्त हुई है लेकिन राज्य की सत्ता में भाजपा के होने से इसे ही मिलेगी। मध्य प्रदेश में एक सीट भाजपा की रिक्त हुई है और वह सत्तारूढ़ भाजपा के पास ही रहेगी। महाराष्ट्र में दो सीट भाजपा की रिक्त हुई हैं, गठबंधन सरकार के बावजूद दोनों भाजपा के पास ही रहेंगी। राजस्थान में कांग्रेस की एक सीट खाली हुई है और वह सत्तारूढ़ भाजपा के खाते में जाएगी। त्रिपुरा में एक सीट खाली हुई है और वह सत्तारूढ़ भाजपा को ही मिलेगी। तेलंगाना में बीआरएस की सीट रिक्त हुई है, जो अब सत्तारूढ़ कांग्रेस के पास जाएगी। ओडिशा में भी बीजद की रिक्त सीट अब भाजपा के हिस्से में चली जाएगी। उपचुनाव में हर सीट के लिए अलग मतदान होता है, ऐसे में सत्तारूढ़ दल ही जीतता है, जब तक कि क्रॉस वोटिंग जैसी बड़ी स्थिति नहीं बनती है।

# पहलवान विनेश फोगाट ने किया संन्यास का ऐलान


**पेरिस, एजेंसी।** पहलवान विनेश फोगट ने गुरुवार को संन्यास की घोषणा की। इससे एक दिन पहले उन्हें पेरिस में 2024 ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल से अयोग्य घोषित किया गया था। विनेश को 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण 50 किलोग्राम महिला कुश्ती के स्वर्ण पदक मैच से अयोग्य घोषित किया गया था।

संन्यास की घोषणा करते हुए उन्होंने हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में कहा, माँ कुश्ती मुझसे जीत गई, मैं हार गई। मुझे माफ़ कर देना, तुम्हारा सपना और मेरी हिम्मत टूट गई। अब मुझमें और ताकत नहीं है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अलविदा कुश्ती 2001-2024।

विनेश ने सेमीफाइनल मुकाबला अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 5-0 के अंतर से जीता था और ओलंपिक फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान थीं। हालांकि, उन्हें सिर्फ 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल मैच से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जिसके बाद उन्होंने कोर्ट ऑफ एब्रीट्रेशन फॉर स्पोर्ट में अपील की थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें इस इवेंट के लिए सिल्वर मेडल दिया जाना चाहिए।

### कौन हैं विनेश फोगाट

विनेश फोगाट का नाम टॉप और मशहूर महिला भारतीय पहलवानों में गिना जाता है। विनेश इतिहास की सबसे सफल भारतीय पहलवानों में से एक हैं। उनका जन्म 25 अगस्त, 1994 में हरियाणा के भिवानी जिले के बलाली गांव में पहलवानों के परिवार में हुआ था। ऐसे में विनेश ने भी कुश्ती में ही अपना करियर बनाने का फैसला किया। उन्होंने अपने चाचा महावीर सिंह फोगाट, जो कि महिला पहलवानों गीता और बबीता फोगाट के पिता हैं, से कुश्ती की ट्रेनिंग ली। जब विनेश महज नौ साल की थीं तो उनके पिता राजपाल की हत्या कर दी गई थी। इस भारी दुख के अलावा विनेश को कुश्ती खेलने के लिए गांव के लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा था।



हालांकि इसके बावजूद भी उनका हौसला कम नहीं हुआ और इसी का नतीजा है कि आज के समय में वह भारत के बेहतरीन महिला पहलवानों में से एक के तौर पर उभरी हैं।

### विनेश फोगाट ओलंपिक डेब्यू

विनेश ने रियो ओलंपिक 2016 में महिलाओं की 48 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में डेब्यू किया था, लेकिन घुटने में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इसके बाद विनेश फोगाट ने टोक्यो ओलंपिक गेम्स 2020 के लिए भी क्वालिफाई किया, लेकिन इस बार भी खिलाड़ी को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

### विनेश फोगाट मेडल और रिकॉर्ड्स

बता दें विनेश फोगाट ने वर्ल्ड लेवल पर कुश्ती में अब तक कई मेडल और रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। वह कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान थीं।

**आइए नजर डालते हैं उनके खास मेडल की लिस्ट पर।**

- 1- 2018 एशियाई खेल, जकार्ता- स्वर्ण पदक
- 2- 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स, गोल्ड कोस्ट- स्वर्ण पदक
- 3- 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स, ग्लासगो- स्वर्ण
- 4- 2018 एशियाई चैंपियनशिप, बिश्केक- रजत
- 5- 2013 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप, जोहान्सबर्ग- रजत
- 6- 2020 एशियाई चैम्पियनशिप, नई दिल्ली- कांस्य
- 7- 2019 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप, कजाकिस्तान- कांस्य
- 8- 2019 एशियाई चैम्पियनशिप, शीआन- कांस्य
- 9- 2016 एशियाई चैम्पियनशिप, बैंकॉक- कांस्य
- 10- 2014 एशियाई खेल, इंचियोन- कांस्य
- 11- 2013 एशियाई चैम्पियनशिप, नई दिल्ली- कांस्य

**पेरिस ओलपंपिक**

## पदक से चूकीं मीराबाई चानू



**पेरिस, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू यहां पेरिस ओलंपिक में बुधवार को महज एक किलोग्राम से पदक से चूक गईं। महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में चानू ने कुल 199 किलोग्राम वजन उठाया और वह चौथे स्थान पर रहीं। चीन की हो झिहुई ने कुल 206 किलोग्राम के साथ नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता। रोमानिया की वेलेंटीना (205 किग्रा) को रजत और थाईलैंड की सुरोदचना खम्बाओ (200 किग्रा) को कांस्य पदक मिला। चानू ने स्नैच राउंड में अपने तीसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाया था। क्लीन एंड जर्क राउंड में उन्होंने पहले प्रयास में 111 किग्रा अटेम्प्ट किया लेकिन वह इसे पूरा नहीं कर सकीं। दूसरे प्रयास में उन्होंने 111 किग्रा उठाया। उन्होंने तीसरा प्रयास 114 किलोग्राम के लिए किया और यदि वह इसे पूरा कर लेती तो कांस्य पदक उनके नाम होता। लेकिन उनका तीसरा प्रयास मान्य नहीं रहा। चानू थाईलैंड की खिलाड़ी से मात्र एक किलोग्राम कम वजन उठाने के कारण पोडियम फिनिश नहीं कर सकीं।

## चित्रावेल और अबुबाकर त्रिकूद फाइनल में जगह बनाने में नाकाम




**पेरिस, एजेंसी।** भारत के स्टार एथलीट प्रवीण चित्रावेल और एन अब्दुल्ला बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की एथलेटिक्स की पुरुष त्रिकूद स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक चित्रावेल ग्रुप ए में 16.25 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ 16 खिलाड़ियों में 12वें और दोनों ग्रुप में मिलाकर 32 खिलाड़ियों में कुल 27वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गए। चित्रावेल ने दूसरे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। चित्रावेल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और 17.12 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे रहे। अगर वह इस प्रदर्शन के करीब पहुंचते तो आसानी से फाइनल में जगह बना सकते थे।

वहीं दूसरी तरफ अबुबाकर ग्रुप बी में 16.49 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ 16 खिलाड़ियों में 13वें और दोनों ग्रुप में मिलाकर कुल 21वें स्थान पर रहे। अबुबाकर ने तीसरे और अंतिम प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अबुबाकर का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.19 मीटर और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.00 मीटर है। त्रिकूद स्पर्धा में ग्रुप ए और बी क्वालीफिकेशन के बाद 17.10 मीटर या इससे अधिक की कूद लगाने वाले सभी खिलाड़ी या दोनों ग्रुप से शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# पहलवान अंतिम पंघाल ने अपनी हरकत से देश को किया शर्मसार!

**आईओसी ने भारत वापस भेजने का लिया फैसला**

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए एक बाद एक लगातार मुश्किलें बढ़ती जा रहा ही. विनेश फोगाट को फाइनल से बाहर किए जाने के बाद एक और महिला पहलवान अब विवादों में फंस गई हैं. युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने पेरिस में कुछ ऐसा कर दिया है जिससे भारत को एक बार फिर से शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है. अंतिम पंघाल के इस हरकत को देखते हुए ओलंपिक समिति ने कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है. पंघाल और उनकी टीम वापस भारत भेजने का फैसला कर लिया गया है.




दरअसल, अंतिम पंघाल और उनकी पूरी टीम दल पेरिस से निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इस युवा पहलवान ने अपना आधिकारिक मान्यता कार्ड अपनी छोटी बहन को सौंप दिया जिसे सुरक्षाकर्मियों ने खेल गांव से बाहर निकलते हुए पकड़ लिया. अंतिम महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में अपना पहला मुकाबला हारने के बाद पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गई थी.

आईओए के एक बयान में कहा गया, ''भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा आईओए के संज्ञान में अनुशासनात्मक उल्लंघन का मामला लाए जाने के बाद पहलवान अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को वापस भेजने का फैसला किया है।'' हालांकि आईओए ने अनुशासनात्मक उल्लंघन के बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन एक सूत्र ने कहा, ''खेल गांव जाने के बजाय वह उस होटल में पहुंच गई जहां उसके कोच भगत सिंह और साथी अभ्यास पहलवान विकास, जो वास्तव में उसका कोच है, ठहरे हुए थे। अंतिम ने अपनी बहन को खेल गांव जाने और अपना सामान लेकर वापस आने को कहा। उसकी बहन को किसी ओर के कार्ड पर अंदर जाने के कारण पकड़ा गया और उसे बयान दर्ज कराने के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया.

उन्नीस वर्षीय अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम को भी पुलिस ने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया. इतना ही नहीं अंतिम के निजी सहयोगी स्टाफ विकास और भगत कथित तौर पर नशे की हालत में कैब में यात्रा कर रहे थे और उन्होंने किराया देने से इनकार कर दिया जिसके बाद ड्राइवर ने पुलिस को बुला लिया. आईओए के एक अधिकारी ने गुस्से में कहा, ''हम अभी मामले को ठंडा कर रहे हैं. जब संपर्क किया गया तो विकास ने इस तरह की घटना में अपनी संलिप्तता से साफ इनकार कर दिया. उन्होंने कहा, ''आपको यह किसने बताया? अंतिम और उसकी बहन मेरे सामने बैठी हैं.'

## जयविक्रमा पर लगा आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का आरोप



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के तीन आरोप लगाए हैं, जिसमें मैच फिक्सिंग से जुड़ी पेशकश की रिपोर्ट नहीं करना और सबूतों को नष्ट करना शामिल है।

इस 25 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर ने कथित तौर पर 2021 में अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ-साथ लंका प्रीमियर लीग के मैच फिक्स करने के लिए की गई पेशकश की रिपोर्ट आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई को नहीं की थी। आईसीसी ने गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'श्रीलंका के स्पिनर पर कथित तौर पर भ्रष्ट पेशकश से जुड़े संदेशों को डिलीट करने का आरोप है।

आईसीसी ने इस खिलाड़ी को जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया है। जयविक्रमा पर आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.4.4 के तहत आरोप लगाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैचों को फिक्स करने की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने से जुड़ा है।

# ज्योति याराजी महिला 100 मीटर बाधा दौड़ से बाहर

**पेरिस (एजेंसी)।** राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भारत की 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी बृहस्पिवार को यहां रेपेचेज हीट एक में चौथे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गई और पेरिस ओलंपिक खेलों से बाहर हो गई।

हीट एक में ज्योति ने 13.17 सेकेंड का समय लिया और वह अपनी हीट में सात धावकों के बीच चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने रेपेचेज दौर में हिस्सा लेने वाली 21 धावकों में 16वां स्थान हासिल किया।

ज्योति की हीट से दक्षिण अफ्रीका की मारियोन फोरी (12.79 सेकेंड) और नीदरलैंड की मायकी जिन-ए-लिम (12.87 सेकेंड) ने पहले दो स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज की प्रत्येक तीन हीट से शीर्ष दो धावकों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहली बार ओलंपिक खेल रही ज्योति इन खेलों की 100 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेने वाली पहली भारतीय भी हैं। 24 साल की ज्योति का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकेंड का है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को दोहराती तो सेमीफाइनल में जगह बना लेती। इससे पहले ज्योति अपनी हीट में खराब प्रदर्शन के बाद सातवें स्थान पर रहते हुए स्वतः सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गई थीं। उन्होंने चौथी हीट में 13-16 सेकेंड का समय निकाला था और 40 धावकों में 35वें स्थान पर रहीं थी।



**इंडिया-श्रीलंका**

# सीरीज हारने का मतलब 'दुनिया का अंत नहीं है : रोहित शर्मा



**कोलंबो, एजेंसी।** रोहित शर्मा ने बुधवार को तीसरे वनडे में 110 रन की हार के साथ श्रीलंका के खिलाफ 27 साल में पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने के बाद भारतीय बल्लेबाजों से स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी व्यक्तिगत योजनाओं पर 'गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया। श्रीलंका के 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 26.1 ओवर में मात्र 138 रन पर ढेर हो गया। श्रीलंकाई स्पिनरों ने एक बार फिर कहर बरपाया जिसमें दुनिथा वेलालागे ने 27 रन देकर पांच चटकाए जबकि महीश तीक्षणा और जेफ्रे वांडरसे ने 2-2 विकेट हासिल किए।

स्पिन के खिलाफ भारत के संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने मैच के बाद कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह चिंता का विषय है लेकिन यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है - हमारी व्यक्तिगत खेल योजनाएं - और यह कुछ ऐसा है (जिससे) हम निश्चित रूप से इस श्रृंखला में दबाव में थे। रोहित ने कहा कि सीरीज हारना 'दुनिया का अंत हीं है लेकिन यह 2023 विश्व कप फाइनल में जगह बनाने वाली टीम को काम करने के लिए बहुत कुछ देता है।

भारतीय कप्तान ने कहा कि श्रृंखला हारने का मतलब दुनिया का अंत नहीं है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षो से बहुत अच्छा खेल रहे हैं, लगातार। आप कुछ श्रृंखलाएं हारेंगे। उन्होंने कहा कि हमने सीरीज गंवा दी और मुझे लगता है कि हमें सकारात्मक पहलुओं के बजाय कई क्षेत्रों पर ध्यान देने की जरूरत है। हमें पीछे जाकर देखना होगा कि जब हम इस तरह की परिस्थितियों का सामना करेंगे तो हमें क्या करना होगा। भारत ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में श्रीलंका को 3-0 से हराया था।

भारतीय कप्तान ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। रोहित ने कहा कि हमने पूरी श्रृंखला में अच्छा क्रिकेट नहीं खेला और इसलिए हम यहां खड़े हैं। पूरी श्रृंखला में कुछ सकारात्मक चीजें भी रहीं। उन्होंने कहा कि स्पिनरों ने किस तरह से गेंदबाजी की, बीच में कुछ बल्लेबाजों ने भी।

श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने स्वीकार किया कि वह भारत पर श्रृंखला जीत के लिए अपनी टीम का नेतृत्व करने के बाद 'खुश थे। उन्होंने कहा, ''मैं अभी एक खुश कप्तान हूं और मुझे लगता है कि टीम ने पूरी श्रृंखला में सभी चीजें अच्छी तरह से की।

हम सभी जानते थे कि उनकी बल्लेबाजी बहुत मजबूत थी और हम सिर्फ अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहते थे जो कि स्पिन गेंदबाजी है। असलंका ने कहा कि हम अभी वास्तव में अच्छे मूड में हैं, खासकर हमारे कोच (सनथ जयसूर्या)। उन्होंने टीम में कुछ बदलाव किए और लड़कों ने टीम के माहौल का वास्तव में आनंद लिया।

## श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ डब्ल्यूटीसी सीरीज के लिए टीम की घोषणा की, दो अनकैप्ड खिलाड़ी हुए शामिल

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के लिए 18 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की है। इसमें शामिल किए गए उल्लेखनीय खिलाड़ियों में अनकैप्ड खिलाड़ी मिलन रथनायके और निसाला थारका शामिल हैं जिन्हें 21 अगस्त से मैनचेस्टर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बुलाया गया है। 33 वर्षीय निसाला थारका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने 107 मैचों में 257 विकेट और 2358 रन बनाए हैं। यह सीरीज राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनने का उनका पहला अवसर है।

दूसरी ओर रथनायके अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली सीरीज के लिए टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक पदार्पण नहीं किया है। तेज गेंदबाजी लाइन-अप में असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, कसुन राजिथा और लाहिरू कुमारा शामिल हैं, जिनका साथ अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज देंगे।

धनंजय डी सिल्वा की अगुआई वाली टीम में बल्लेबाज पथुम निसांका और स्पिनर जेफरी वेंडरसे की भी वापसी हुई है। निसांका और वेंडरसे ने आखिरी बार 2022 में टेस्ट क्रिकेट में खेला था, वेंडरसे का चयन भारत के खिलाफ वनडे में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 6/33 प्रदर्शन के बाद हुआ है। श्रीलंका के स्पिन आक्रमण की अगुआई प्रभात जयसूर्या और रमेश मेंडिस के हाथों में है, जो गहराई और विविधता प्रदान करेंगे।

हाल ही में वनडे कप्तान के रूप में चरिथ असलांका की जगह लेने वाले कुसल मेंडिस टेस्ट सीरीज के लिए उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

### टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग

50 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ श्रीलंका वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 36.54 प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर है।

यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका लक्ष्य स्टैंडिंग में ऊपर चढ़ना और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह सुरक्षित करना है।

### इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंकाई टेस्ट टीम

धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुश्का, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (उप-कप्तान), एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांडीमल, कामिंडु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, कासुन राजिथा, लाहिरू कुमारा, निसाला थरका, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे, मिलन रथनायके।

# जल संग्रहण स्थलों पर डूब की घटनाओं की रोकथाम व बचाव के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जल संग्रहण क्षेत्रों में डूब की घटनाओं की रोकथाम व बचाव के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं। संबंधित विभाग के अधिकारियों को दल गठित कर अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर ने डूब की घटनाओं से जनसामान्य के बचाव के लिए समस्त बांध, तालाब, झील एवं खनन द्वारा रिक्त हुए तालाबनुमा संरचना व अन्य जल संग्रहण क्षेत्रों के निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने और आवश्यक होने पर मानसून के दौरान ऐसे स्थानों को प्रतिबंधित घोषित करने तथा अवहेलना पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। महत्वपूर्ण दुर्घटना वाले स्थानों पर लाइफ गार्ड व बचावकर्मी की तैनाती एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध गोताखोर व तैराकों की सहायता प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही एसडीईआरएफ द्वारा स्थापित आपदा रिस्पांस सेन्टर व प्रमुख बांध पर स्थित डैम ऑब्जरवेशन पोस्ट में डूब से बचाव के लिए आवश्यक मानव संसाधन व उपकरण रखने, खनन द्वारा निर्मित गड्ढों इत्यादि को फैंसिंग के माध्यम से सुरक्षित कर चेतावनी बोर्ड लगवाने, बाढ़ के दौरान पुल-पुलिया व रपटा पर जल भराव होने के दौरान किसी वाहन अथवा व्यक्ति को इसे पार करने हेतु प्रतिबंधित करने के लिए चेतावनी बोर्ड तथा बेरियर के साथ निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

## जागरूकता कार्यक्रम एवं मॉकड्रिल का आयोजन करें

जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में निर्देशित किया गया है कि स्थानीय विद्यालय-महाविद्यालयों, पंचायत व वार्ड में डूब से जनसामान्य के बचाव के लिए जनजागृति कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मॉकड्रिल भी आयोजित किए जाएं। इसके माध्यम से स्थानीय संसाधनों द्वारा डूबे हुए व्यक्तियों की जान बचाने के लिए विभिन्न विधियों का प्रदर्शन करें। साथ ही समस्त घटनाओं की सूचना आमजनों द्वारा जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम में प्रदान करने, 181 नंबर पर देने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार के बारे में कहा गया है। स्थानीय अस्पतालों में डूब प्रभावित व्यक्तियों के बचाव के लिए विशेष व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी तरह तहसील स्तर पर रिस्पांस टीम एवं वॉटर रेस्क्यू टॉस्क फार्स के गठन और एसडीईआरएफ के डीप डायवर्स, डीप डायविंग सूट, स्थानीय तैराक, गोताखोर, मोटर बोट, लाइफ जैकेट तथा अन्य आवश्यक उपकरणों को शामिल कर उन्हें हमेशा तैयारी की स्थिति में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## पानी छोड़ने के दौरान आवागमन पर लगाएं प्रतिबंध

जिले के समस्त नदी के घाटों विशेषकर धार्मिक कार्यक्रम वाले घाटों पर डैम से पानी छोड़े जाने पर जल स्तर तथा जनसामान्य की सुरक्षा के विवरण वाले चेतावनी बोर्ड लगाने तथा डैम से पानी छोड़े जाने के दौरान घाटों पर लोगों को जाने से प्रतिबंधित करने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त बारिश के दौरान जल संग्रहण क्षेत्रों के आस-पास पिकनिक स्पॉट, वॉटर फॉल, फिसिंग स्पॉट इत्यादि मनोरंजन स्थलों पर लोगों को जाने से रोकने की विशेष व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया गया है, जिससे पानी से घिर जाने पर एयर रेस्क्यू की स्थिति निर्मित न हो।

## रक्षाबंधन और सावन उत्सव की थीम पर होगा कार्यक्रम

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 1900 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। श्योपुर जिले के विजयपुर में होने वाले स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत अगस्त माह की राशि रुपए 1250 के साथ ही विशेष उपहार स्वरूप में लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपए अंतरित किए जाएंगे। दस अगस्त को रक्षाबंधन और सावन उत्सव की थीम पर प्रदेश में 25 हजार स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त रक्षाबंधन की थीम पर 9 अगस्त को रानी दुर्गावती महिला सरपंच सम्मेलन, 11 अगस्त को महाविद्यालय तथा एनसीसी-एनएसएस बालिकाओं से संवाद, 12 अगस्त को देवी अहिल्याबाई शहरी क्षेत्र महिला महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद सम्मेलन तथा 13 अगस्त को महिला उद्योगपति सम्मेलन होंगे। इन कार्यक्रमों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया जाएगा।

### आभार सह उपहार कार्यक्रम

# जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 10 अगस्त को होंगे कार्यक्रम

**पन्ना।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 की लाभार्थी महिलाओं के लिए श्रावण मास में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर एकमुश्त राशि प्रदान की जाना है। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में विभिन्न स्थानों पर निरंतर आभार सह उपहार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रक्षाबंधन पर्व के पूर्व आगामी 17 अगस्त तक उक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके तहत आगामी 10 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही पन्ना जिले की समस्त ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के इन कार्यक्रमों में सांसद, विधायक, नगरीय निकायों के अध्यक्ष व पार्षद, जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष व सदस्य तथा ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच शामिल होंगे।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद पंचायत सीईओ और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। साथ ही शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला हितग्राहियों के साथ गरिमामय आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है।

कार्यक्रम की थीम रक्षाबंधन एवं सावन उत्सव पर केन्द्रित होगी। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण एवं स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को शासकीय हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जनप्रतिनिधिगण स्थानीय लाभार्थी महिलाओं से राखी बंधवाएंगे। साथ ही लाभार्थी महिलाओं द्वारा कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया जा सकेगा।

## शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए मिली सुविधा

**पन्ना।** जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में वर्तमान में प्रवेश के लिए आवेदन हेतु कौशल विकास विभाग के पोर्टल पर पुनः लिंक उपलब्ध कराई गई है। इच्छुकजन आगामी 14 अगस्त तक नवीन पंजीयन, रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार, इच्छित संस्थाओं व व्यवसायों की प्राथमिकता का क्रम चयन करने व च्वाइस फिलिंग लॉक करने के पूर्व तक त्रुटि सुधार की सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# पंचायत एवं नगरीय निकाय उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

### 11 सितंबर को होगा मतदान

**पन्ना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिये मतदान 11 सितंबर 2024 को होगा।

त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन के लिये निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 21 अगस्त से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 28 अगस्त तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 29 अगस्त को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की तारीख 31 अगस्त है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जायेगा। त्रि-स्तरीय पंचायतों में मतदान सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। नगरीय निकायों में मतदान सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा।

## मतगणना एवं परिणाम की घोषणा

पंच पद के लिये मतगणना, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद की जाएगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के लिये ईवीएम से की जाने वाली मतगणना विकासखण्ड मुख्यालय पर 15 सितम्बर को सुबह 8 बजे से होगी। परिणाम भी 15 सितंबर को ही घोषित किये जायेंगे। नगरीय निकायों में मतगणना एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा 13 सितंबर को सुबह 9 बजे से होगी।

## जिले में अब तक 582.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**शहडोल।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने जानकारी दी है कि जिले में 1 जून से 7 अगस्त 2024 तक 582.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि 1 जून 2024 से 7 अगस्त 2024 तक वर्षामापी केंद्र सोहागपुर में 392.0 मिलीमीटर, बुढार में 454.0 मिलीमीटर, गोहपारू में 512.0 मिलीमीटर, जैतपुर में 735.0 मिलीमीटर,चन्नौडी में 451.0 मिलीमीटर, ब्यौहारी में 846.0 मिलीमीटर एवं जयसिंहनगर में 687.0 मिलीमीटर इस प्रकार कुल 582.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# साइबर तहसील 2.0 का हुआ शुभारंभ

**पन्ना।** शासन की अभिनव पहल पर साइबर तहसील 2.0 का शुभारंभ किया गया है। सुशासन के अंतर्गत संचालित साइबर तहसील 1.0 की सफलता के बाद इसकी शुरूआत की गई है। साइबर तहसील 2.0 में संपदा से प्राप्त अविवादित आंशिक खसरों के क्रय विक्रय आधारित नामांतरण प्रकरणों में क्षेत्रीय तहसील स्तर पर एण्ड टू एण्ड ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से त्वरित निराकरण किया जायेगा। बताया गया है कि प्रतिवर्ष अविवादित नामांतरण के प्रकरणों में संपूर्ण खसरे के क्रय विक्रय और आंशिक क्रय विक्रय से संबंधित होते हैं। साइबर तहसील 1.0 के अंतर्गत अब तक संपूर्ण क्रय विक्रय वाले खसरों का ऑनलाइन नामांतरण तो हो ही रहा था, लेकिन अब साइबर तहसील 2.0 के अंतर्गत आंशिक क्रय विक्रय संबंधी प्रकरणों को भी ऑनलाइन व्यवस्था से जोड़ दिया गया है। इस प्रकार क्रय विक्रय से संबंधित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण अब साइबर तहसील के माध्यम से किया जायेगा।

साइबर तहसील 2.0 की नवीन व्यवस्था के अंतर्गत प्रकरण दर्ज होते ही पोर्टल द्वारा स्वतः ही ऑनलाइन सूचना पत्र, पटवारी मेमो और प्रकरण पेशी दिनांक जारी किए जा सकेंगे। नागरिकों को दावा आपत्ति संबंधी लिंक, आदेश प्रति, अद्यतन खसरा और नक्शों की प्रतियां एसएमएस, व्हाट्सअप्प या ईमेल के माध्यम से घर बैठे प्राप्त होंगी। पटवारी प्रतिवेदन, खसरा नक्शा ड्राफ्ट संबंधित कार्य ऑनलाइन कर सकेंगे। राजस्व विभाग के इस नवाचार के लागू होते ही पहले जहां नामांतरण प्रक्रिया में औसतन 70 से 100 दिवस लगा करते थे, अब वही कार्य 25 दिवसों के भीतर पूर्ण किया जा सकेगा। साइबर तहसील 2.0 से नागरिकों को भी कम से कम समय में नामांतरण उपरांत आदेश और खसरे एवं नक्शे की अद्यतन प्रति ऑनलाइन ई-मेल और व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही प्राप्त हो जाएगी।

साइबर तहसील 2.0 की स्वचलित प्रणाली के लागू होने से न केवल शासन के प्रति नागरिकों में विश्वसनीयता बढ़ेगी, अपितु क्षेत्रीय तहसील स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यदक्षता में भी वृद्धि होगी। नागरिकों को न्यायालय बार बार आने-जाने की आवश्यकता नहीं होने से पैसों और समय की भी बचत होगी। इससे अविवादित प्रकरणों का निराकरण, विधिपूर्ण उन्नत तकनीक की सहायता से किया जा सकेगा। साथ ही तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार विवादित प्रकरणों के निराकरण में अधिक समय दे सकेंगे, जिससे विवादित प्रकरण भी आपसी सहमति से त्वरित निराकृत होंगे। आधुनिक तकनीक के उपयोग और इस बहुउद्देशीय प्रणाली से नागरिक को एण्ड टू एण्ड रजिस्ट्री से नामान्तरण तक की सुविधा आरसीएमएस पर कम से कम समय में रियल टाइम में ऑनलाइन सिस्टम घर बैठे ही प्राप्त हो सकेगी।

## लोकतंत्र सेनानियों के दिवंगत होने पर अंत्येष्टि के लिए सहायता राशि में वृद्धि

**पन्ना।** मंत्रिपरिषद द्वारा आज लोकतंत्र सेनानियों के दिवंगत होने पर अंत्येष्टि के लिए प्रदाय की जा रही वर्तमान राशि 8 हजार रूपये में वृद्धि कर 10 हजार रूपये किये जाने एवं दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि किए जाने की स्वीकृति दी गई। अंत्येष्टि के लिए सहायता राशि में वृद्धि के लिए, मध्यप्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान नियम 2018 की कंडिका 5(2) में संशोधन तथा राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि किये जाने के लिए नवीन कंडिका 5(3) प्रतिस्थापित की जाने की अनुमति दी गयी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ में प्रवेश हेतु आवेदन 16 सितंबर तक

**शहडोल।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ ने जानकारी दी है कि जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्योहारी, जिला-शहडोल (म.प्र.) की कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। जिसमें इच्छुक अभ्यार्थी इस वेबसाईट पर जाकर अपना आवेदन भर सकते है, आवेदन करने की अंतिम तिथि 16.09.2024 निर्धारित की गई है। सत्र 2024-25 में शहडोल जिले मे निवासरत एवं जिले में स्थित विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत् छात्र/छात्राएं इसके लिए पात्र हैं। आवेदन पत्र भरने हेतु पात्रता एवं निर्देश संबंधी अधिक जानकारी वेबसाईट पर उपलब्ध है, साथ ही हेल्पडेस्क नं. 8085257727 एवं 8770285208 पर संपर्क कर सकते हैं।

# रेरा का आदेश: बिल्डर दो माह में ब्याज सहित वापस करे 10 लाख 51 हजार

**सतना।** राशि प्राप्त करने के बावजूद भी समय से निर्माण पूरा न कर कब्जा न सौंपना बिल्डर को भारी पड़ गया। म.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के न्याय निर्णायक अधिकारी योगेश कुमार गुप्ता ने लोटस इंफ्रा रियालिटी लिमिटेड के डायरेक्टर विनय चौरसिया और नीरज चौरसिया को दी गई 10 लाख 51 हजार की राशि वापस करने का आदेश दिया है।

इसके साथ ही रेरा ने 16.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी दिए जाने के आदेश के साथ क्षतिपूर्ति मद में 1 लाख और प्रकरण व्यय के मद में 26 हजार 7 सौ रुपए का भुगतान ग्राहक हिमांशु गर्ग को दिए जाने का आदेश दिया है। विराटनगर निवासी शिकायतकर्ता हिमांशु गर्ग के अधिवक्ता अजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि अनावेदक बिल्डर ने लोटस सिटी के प्रोजेक्ट कोवेंट कोर्ट में व्यवसायिक परिसर में निर्मित की जा रही दुकान को 17 लाख 90 हजार रुपए में विक्रय का सौदा शिकायतकर्ता से किया।

जिस पर शिकायतकर्ता ने 23 नवंबर 2015 से 20 जुलाई 2016 तक में 10 लाख 51 हजार का भुगतान किया। इसके बावजूद भी दुकान का निर्माण समय से नहीं कराया गया और आधिपत्य प्रदान नहीं किया गया।

बिल्डर द्वारा राशि लिए जाने के बावजूद भी अनुबंध शर्तों का पालन नहीं करने पर शिकायत भोपाल स्थित रेरा कोर्ट में प्रस्तुत की। उभय पक्षों के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और तर्कों का सूक्ष्म परिशीलन कर न्याय निर्णायक अधिकारी ने दो माह के अंदर मूल राशि ब्याज समेत भुगतान किए जाने का आदेश बिल्डर को दिया है।

## स्वसहायता समूह सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम के संचालन हेतु पत्र जारी

**शहडोल।** डिप्टी कलेक्टर जिला शहडोल ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल, समस्त अनुविभागीय अधिकारी तथा तहसीलदार को जानकारी दी है कि 10 अगस्त 2024 को विजयपुर जिला श्योपुर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में स्वसहायता समूह सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण दूरदर्शन/आकाशवाणी / यू-ट्यूब फेसबुक /वेब कास्ट आदि माध्यमों से किया जायेगा।

# चेक बाउंस में 6 माह की सजा, 20 लाख 67 हजार का जुर्माना

**सतना**

हाइपोथिकेशन एग्रीमेंट निष्पादित कर वाहन क्रय करने के लिए ली गई ऋण राशि के भुगतान के लिए जारी चेक बाउंस हो जाने पर अदालत ने आरोपी को 6 माह के कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने आरोपी प्रभाकर सिंह पिता जीत सिंह निवासी चाणक्यपुरी कॉलोनी पर ऋण राशि 11 लाख 42 हजार 436 रुपए मय प्रतिकर राशि सहित 20 लाख 67 हजार 809 रुपए की राशि का भुगतान करने का निर्णय सुनाया है।

परिवादी टाटा मोटर्स फाइनेंस शाखा ऑफिस रीवा रोड सतना के अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी ने वाहन क्रमांक एमपी 19 एचए 3118 क्रय करने हेतु नियमानुसार हाइपोथिकेशन एग्रीमेंट करके ऋण प्राप्त किया था, जिसकी अदायगी प्रतिमाह किस्तों के रूप में की जानी थी।

आरोपी के द्वारा किस्तों की अदायगी समय के अंतर्गत नहीं की गई, जिस पर काफी राशि कंपनी की आरोपी पर बकाया हो गई। राशि के भुगतान के लिए आरोपी ने 6 जनवरी 2015 को अपने खाते का चेक जारी किया, जिसे भुगतान हेतु प्रस्तुत करने पर बैंक ने अनादरित कर दिया।

मांग सूचना के बावजूद राशि नहीं दिए जाने पर शिकायत अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई। आरोपी के द्वारा बचाव में कहा गया कि जितनी राशि उसने फाइनेंस कराया था, उसकी पूरी राशि वसूल करने के लिए कंपनी द्वारा आर्बिटेशन न्यायालय से डिक्री प्राप्त कर ली है।

अब चेक राशि या कोई राशि बकाया नहीं है। अदालत ने मामले में प्रस्तुत साक्ष्य और प्रकरण का सूक्ष्म परिशीलन कर चेक अनादरण की धारा 138 का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी को सजा और प्रतिकर से दंडित किया है।

## शराब पीकर स्कूल में किया हंगामा, पुलिस ने अपराध दर्ज कर भेजा जेल

**सतना।** नादन-देहात थाना अंतर्गत जरियारी गांव के सरकारी स्कूल में शराब पीकर उत्पात मचाने पर दो आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर एक को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी नागेश्वर मिश्रा ने बताया कि 12वीं कक्षा के छात्र का विवाद गांव में ही एक युवक के साथ हुआ था, जिसके बाद वह स्कूल चला आया। वहीं यह बात पता चलते ही आरोपी राजेश पुत्र झल्ला पटेल 35 वर्ष, निवासी जरियारी शराब पीकर बुधवार की दोपहर को हायर सेकेण्डरी स्कूल में घुसकर गाली-गलौज करने लगा। आरोपी की करतूत का वीडियो किसी ने मोबाइल पर बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया, जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राजेश को हिरासत में ले लिया।

इसके साथ ही पीड़ित छात्र की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 351(2) और 3(5) का अपराध पंजीबद्ध कर लिया, तो वहीं बीएनएनएस की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## 09 अगस्त को कमिश्नर करेंगे विभिन्न कार्यों की ऑनलाइन समीक्षा

**शहडोल।** कमिश्नर रीवा एवं शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद 9 अगस्त 2024 को प्रातः 11 बजे रीवा तथा शहडोल संभाग के समस्त जिलों के विभिन्न कार्यों की ऑनलाइन समीक्षा करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व महा अभियान की समीक्षा, हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी, रक्षा बंधन पर्व तथा आगामी त्यौहारों पर चर्चा, एक पेड़ मां के नाम की प्रगति एवं समीक्षा, बाढ़ राहत,जर्जर आवास/दीवार/ढांचों के चिन्हांकन तथा उनको गिराने की प्रगति एव समीक्षा, हॉस्टल ,आश्रम निरीक्षण तथा हॉस्टल की स्थिति, वर्तमान समसामयिक तथा अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा हेतु ऑनलाइन वीसी लिंक पृथक से प्रदाय की जावेगी, तथा उक्त समीक्षा में समस्त संबंधित अधिकारी पूर्ण जानकारी के साथ सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।

# एक रात में दो गांवों के 5 घरों से लाखों की चोरी

**सतना**

कोटर थाना क्षेत्र के लखनवाह और करही खुर्द गांव में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में 5 घरों को निशाना बनाते हुए नकदी समेत लाखों के आभूषण पार कर दिए, इन वारदातों से इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चोर गिरोह ने मंगलवार की रात लखनवाह निवासी लखन सिंह के घर को निशाना बनाया। बदमाश दीवार फांदकर आंगन में पहुंच गए और जिन कमरों में लोग सो रहे थे बाहर से बंद कर एक पेटी उठा ले गए। इस दौरान आहट होने पर घर के लोग जाग गए, लेकिन तब तक चोर कीमती आभूषण लेकर चंपत हो गए थे। पूरी तैयारी के साथ आए बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी दो मोटरसाइकिलों के प्लग निकाल दिए थे, ताकि कोई पीछा न कर पाए। इतना ही नहीं घर के आसपास गंदगी भी फैला गए थे। पीड़ित लखन सिंह ने रात में ही डायल 100 पर फोन किया, मगर पुलिस नहीं आई, मजबूरन उन्हें थाने जाना पड़ा, तब खानापूर्ति के लिए पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

लखनवाह से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर करही खुर्द गांव स्थित है, जहां चोरों ने एक के बाद एक बैजनाथ, शालिकराम तिवारी, छोट्टन तिवारी और ओमप्रकाश तिवारी के घरों में घुसकर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण समेत कीमती सामान चोरी कर लिए।

यहां भी ग्रामीणजनों को चोरों की आहट लग गई थी, जिस पर गिरोह को खदेड़ा भी लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। पीड़ितों ने डायल 100 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई, फिर भी पुलिसकर्मी मौके पर नहीं आए। कई बार फोन करने और अंततः थाने जाकर रिपोर्ट करने पर ही खाकीधारी जांच की औपचारिकता पूरी करने करही खुर्द पहुंचे।

# कुएं में मिली युवक की लाश, क्षेत्र में फैली सनसनी

**सतना।** मैहर नगर के देवी जी चौकी क्षेत्र में कुएं में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मुकेश पुत्र बृजलाल सेन 35 वर्ष, निवासी रघुनाथपुर, जिला सीधी, हाल अंधरा टोला, अपने दो छोटे भाइयों के साथ मैहर में रहकर देवी जी क्षेत्र के होटल में काम कर रहा था। मंगलवार रात को तकरीबन 9 बजे काम खत्म कर वह कमरे के लिए निकल गया, जबकि छोटा भाई टिंकू सेन होटल में ही रुक गया। मुकेश शराब पीने का आदी था, ऐसे में जब वह बुधवार सुबह काम पर नहीं आया तो किसी ने ध्यान नहीं दिया। दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे होटल का एक कर्मचारी पानी भरने कुएं पर गया तो मुकेश की लाश उतराते दिखाई दी, जिस पर उसने टिंकू को अवगत कराया और चौकी में भी खबर कर दी।

तब पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को निकालने के लिए एसडीईआरएफ के प्लाटून कमांडर पुष्पेंद्र पांडेय से मदद मांगी। कुछ देर में ही एसडीईआरएफ के जवान भी आ गए, जिन्होंने काफी जद्दोजहद के बाद शव को कुएं से निकाल लिया।

माना जा रहा है, कि युवक नशे की हालत में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि स्पष्ट कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही चल पाएगा।

# सिटी टाइगर

## विन्ध्य टाइगर

सीधी, शुक्रवार 09 अगस्त 2024




**रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने सिंगरौली जिले के भ्रमण के दौरान तहसील कार्यालय दुधमनिया का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कमिश्नर ने शासकीय माध्यमिक स्कूल गुलहरिया का निरीक्षण किया।**



# सुसंस्कृत समाज देश को विश्व गुरू बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा : उप मुख्यमंत्री

### अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सुसंस्कृत समाज देश को विश्व गुरू बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज वह बात साकार हो रही है। 21वीं सदी के मध्य में हमारी आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और भारत आर्थिक महाशक्ति बनकर विश्वगुरू का स्थान हासिल कर लेगा। श्री शुक्ल ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं बैठक का शुभारंभ किया।




आयोजन के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आर्थिक संपन्नता के लिए संसाधनों का विकास आवश्यक है। संस्कारयुक्त शिक्षा से संवेदनशीलता आती है और संस्कृति के बिना शिक्षा उसी प्रकार अधूरी है जैसे सुगंध के बिना फूल। श्री शुक्ल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुनहरा है। उनके लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। आमजनों के साथ विद्यार्थियों का दायित्व है कि वह एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लें। वृक्ष और संत दोनों ही दाता हैं। वृक्ष से जहाँ हमे ऑक्सीजन, फल व छाया मिलती है वहीं संतों के आशीर्वाद से व्यक्ति ऊँचाईयाँ प्राप्त कर लेता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि पेड़ों का दोहन करें शोषण नहीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर के कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों में आपस में परिचर्चा होगी और उससे जो परिणाम निकलेगा वह विश्वविद्यालय के विकास में सहयोगी होगा। श्री शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय की भूमिका सुसंस्कृत समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण है। यहाँ से शोध पत्र प्रकाशित होते रहें क्योंकि शोध का परिणाम समाज को सही दिशा में ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को ऐसे विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने का निष्ठा के साथ संकल्प लें जिसका देश में अपना नाम हो।

श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एवं विन्ध्य को मेडिकल नशे से मुक्त करने के लिए पुलिस द्वारा कार्यवाही किए जाने के साथ ही युवाओं को इससे दूर रहने के लिए जागरूक करने तथा नशा करने वालों को सुधार केन्द्र तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ताकि आने वाली पीढ़ी नशे से दूर रहे और सुसंस्कृत समाज का निर्माण हो।

## जिले में अब तक 291.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 8 जून को 14.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 23 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 291.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 339.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 156.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 465 मिलीमीटर, सिरमौर में 351 मिलीमीटर, त्योंथर में 158.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 259 मिलीमीटर, मनगवां में 411 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 188 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 460.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष इसी अवधि में 168.4 मिलीमीटर कम वर्षा हुई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत गतिविधियों का आयोजन आज से आरंभ होगा

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला एवं ग्रामीण स्तर पर विभिन्न गतिवधियों का आयोजन 9 अगस्त से आरंभ होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आयोजनों के लिए अनुभाग स्तर पर एसडीएम को तथा जनपद स्तर पर सीईओ जनपद को व नगरीय निकायों के लिए सीएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 अगस्त को देशभक्ति की भावना पर आधारित तिरंगा यात्रा, रैली, दौड़ एवं मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक सोशल मीडिया प्लेटफार्म में तिरंगे की डीपी लगाना, तिरंगा झंडा फहराना, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन करना, स्थानीय भाषाओं में तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन, तिरंगा गान फिल्म का प्रदर्शन, तिरंगा प्रदर्शनी, वीरों और स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों को तिरंगा श्रद्धांजलि, तिरंगा प्रतिज्ञा की सेल्फी तथा तिरंगा मेला में स्वसहायता समूह एवं स्थानीय कारीगरों व व्यापारियों की भागीदारी से तिरंगा सामग्री का विक्रय/वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार 12 एवं 13 अगस्त को बाइक/साइकिल/कार रैली, एसएमएस द्वारा झण्डा फहराने के लिए लोगों को स्मरण कराने के साथ ही स्थानीय टीवी चैनल के लोगो क्लिप बदलवाने का कार्य किया जाएगा। आगामी 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराकर तिरंगा की सेल्फी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड करने का आयोजन हर घर तिरंगा अभियान के तहत होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के तहत रानी दुर्गावती एवं रानी अहिल्याबाई के सांस्कृतिक एकता के योगदानों का वर्णन करते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

# जिला विकासखण्ड और ग्राम पंचायतों में होंगे आभार सह उपहार कार्यक्रम

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार 10 अगस्त को लाड़ली बहना उत्सव तथा आभार सह उपहार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम के टाउनहाल में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड तथा सभी ग्राम पंचायतों में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लाड़ली बहना योजना की 1250 रुपए की राशि तथा रक्षाबंधन पर्व की 250 रुपए की राशि जारी करने के राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री, सांसद, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यगण शामिल होंगे। नगरीय निकाय में आयोजित कार्यक्रमों में महापौर, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पार्षदगण शामिल होंगे। ग्राम पंचायतों में आयोजित सरपंच तथा पंचगण शामिल होंगे। विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण भागीदारी निभाएंगे। इन कार्यक्रमों में पात्र महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व तथा सावन से जुड़े लोकगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे रोपित किए जाएंगे।

## कमिश्नर आज गूगल मीट से करेंगे समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 9 अगस्त को गूगल मीट के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। गूगल मीट शाम 5 बजे आरंभ होगी। कमिश्नर राजस्व महाअभियान, बाढ़ राहत के उपायों, हर घर तिरंगा अभियान, रक्षाबंधन पर्व, एक पेड़ माँ के नाम अभियान तथा जर्जर भवनों के गिराने की कार्यवाही की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर छात्रावासों में विद्यार्थियों के प्रवेश की भी समीक्षा करेंगे। रीवा संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम तथा अन्य संबंधित अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से बैठक में शामिल होंगे।

# कमिश्नर ने स्कूल, आरोग्य केन्द्र तथा छात्रावास का किया निरीक्षण

**रीवा।** गत दिवस रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने रीवा और मऊगंज जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। कमिश्नर ने मनगवां तहसील के ग्राम जरहा में शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बच्चों की उपस्थित बहुत कम पाई गई। कमिश्नर ने शिक्षकों और बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित शिक्षकों को निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि बच्चों को रोचक तरीके से शिक्षा दें। हर माह पाठ्यक्रम के अनुसार लेसन प्लान बनाएं। उसके अनुरूप कक्षाएं संचालित करें। स्कूल की प्रमुख दीवार में मध्यान्ह भोजन का चार्ट अंकित कराएं। निर्धारित मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन का वितरण कराएं। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल कराएं। इसके बाद कमिश्नर ने आरोग्य केन्द्र जरहा का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने आरोग्य केन्द्र में उपचार करा रहे निमोनिया से पीड़ित बच्चे को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराने के निर्देश दिए।



इसके बाद कमिश्नर ने मऊगंज में अनुसूचित जनजाति पोस्टमैट्रिक छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्रावास में निरीक्षण के दौरान रजिस्टर में 9 बच्चों के नाम दर्ज मिले जबकि केवल एक बच्चा उपस्थित पाया गया। कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधीक्षक को छात्रावास की क्षमता के अनुसार बच्चों को छात्रावास में प्रवेश कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने भोजन की गुणवत्ता में सुधार तथा छात्रावास की साफ-सफाई के संबंध में भी निर्देश दिए।

# वेतन देयक 20 से 27 तारीख तक अनिवार्य रूप से जनरेट करें : अपर कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आहरण संवितरण अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि सभी आहरण संवितरण अधिकारी वित्तीय नियमों का पालन करते हुए देयक कोषालय में प्रस्तुत करें। वेतन देयक हर माह की 20 से 27 तारीख के बीच ऑनलाइन जनरेट कर दें जिससे अधिकारियों-कर्मचारियों को माह की एक तारीख को वेतन मिल सके। देयकों के पारित होने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर जिला कोषालय अधिकारी से संपर्क करें। कोषालय द्वारा किसी भी बिल में आपत्ति दर्ज किए जाने पर उसका उचित निराकरण करने के बाद ही उसे प्रस्तुत करें।



प्रशिक्षण देते हुए जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने कहा कि शासन के सभी विभाग और कोषालय मध्यप्रदेश शासन के नियमों से बधे हैं। प्रत्येक देयक को पारित करने की प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित है। प्रक्रिया का पालन करते हुए बिल प्रस्तुत करने पर समय पर बिल स्वीकृत होंगे। प्रत्येक बिल के साथ आवश्यक अभिलेख तथा आदेश अवश्य संलग्न करें। बिल में सही मद संख्या का उल्लेख करें। वेतन देयकों में कर्मचारियों की सूची अवश्य संलग्न करें। सामग्री क्रय के देयकों में सामग्री की सूची संलग्न करें। छात्रवृत्ति के देयकों में आधार से जुड़े बैंक खाते दर्ज कराएं। इसका भुगतान अब केवल आधार बेस बैंक खाते में ही हो रहा है।

जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि वित्त विभाग के निर्देशों के अनुसार अब केवल ऑनलाइन बिल ही पारित किए जा रहे हैं। विशेष परिस्थितियों में ऑफलाइन बिल पारित करने के लिए कोषालय द्वारा कलेक्टर मैडम की अनुसंशा के बाद आयुक्त कोष एवं लेखा को प्रकरण प्रेषित किए जाते हैं। आयुक्त कार्यालय से अनुमति के बाद ही आफलाइन बिल स्वीकृत किए जाएंगे। टैक्सी वाहन के बिल प्रस्तुत करते समय उसमें लागबुक की प्रति तथा अनुबंध की प्रति अवश्य संलग्न करें। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते एवं पंजी की छायाप्रति कोषालय को उपलब्ध कराकर उसका प्रमाणीकरण करा लें। पेंशन प्रकरणों के संबंध में श्री शुक्ला ने बताया कि प्राविधिक पेंशन केवल कर्मचारी की विभागीय जाँच, लोकायुक्त प्रकरण, ईओडब्ल्यू प्रकरण अथवा न्यायालयीन प्रकरण लंबित होने पर ही स्वीकृत की जाएगी।

## नशामुक्त भारत अभियान क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र के तहत जागरूकता कार्यक्रम क्रियान्वयन संबंधी बैठक 9 अगस्त को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र देशव्यापी जागरूकता कार्यक्रम 12 अगस्त को प्रातः 9 बजे होगा।

# जिले में अब तक हुई 1.84 लाख हेक्टेयर में फसलों की बोनी

**रीवा।** रीवा जिले की सभी तहसीलों में खरीफ फसल की बोनी का कार्य तेजी से जारी है। खरीफ की मुख्य फसल धान है। किसान धान की रोपाई के लिए अब तक पर्याप्त वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब सभी जिलों में अच्छी बारिश हो गई है इससे धान की रोपाई में तेजी आएगी। जिले में वर्ष 2024 में खरीफ फसल के लिए 3 लाख 64 हजार 160 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से सर्वाधिक क्षेत्र 2 लाख 66 हजार 210 हेक्टेयर धान का है। जिले में अब तक एक लाख 84 हजार 790 हेक्टेयर में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। इसमें से धान का कुल रकबा एक लाख 5 हजार 350 हेक्टेयर है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि हाल ही में अच्छी वर्षा से धान की रोपाई में तेजी आई है। जिले में अब तक 2510 हेक्टेयर में ज्वार, 1020 हेक्टेयर में मक्का, 1250 हेक्टेयर में बाजरा, 4650 हेक्टेयर में कोदौ-कुटकी की बोनी हो चुकी है। दलहनी फसलों में 17280 हेक्टेयर में अरहर, 17450 हेक्टेयर में मूंग, 21360 हेक्टेयर में उड़द की बोनी हो चुकी है। तिलहनी फसलों में 13100 हेक्टेयर में तिल तथा 820 हेक्टेयर में सोयाबीन बोया गया है।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रेडियल बॉईफरकेशन एजियोप्लास्टी कर बचाई गई मरीज की जान



**रीवा।** रीवा में संचालित सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय विन्ध्यप्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में सबसे प्रथम डेडिकेटेड रेडियल बॉईफरकेशन एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक करने वाला प्रथम संस्थान बन गया है। विगत दिवस एक बुजुर्ग मरीज सीने में तेज दर्द के लक्षणों के साथ ओपीडी में पहुंचे थें, जहां डॉ. एसके त्रिपाठी द्वारा मरीज को भर्ती कर मरीज की एजियोंग्राफी की गई। एजियोंग्राफी में पाया गया कि दिल की सबसे प्रमुख नस 99 प्रतिशत बंद थी एवं साथ ही एक ब्रांच भी लगभग पूरी तरह बंद थी। ऐसे प्रकरण में सामान्य एजियोप्लास्टी कर पाना जटिल होता है। डॉ. त्रिपाठी ने हांथ की नस से रेडियल बाईफरकेशन एंजियोप्लास्टी की। अधीक्षक डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में संचालित प्राइवेट संस्थानों में यह प्रक्रिया काफी महंगी है तथा सामान्य जन को खर्चा व्यय करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत योजना द्वारा चिकित्सालय में निःशुल्क तथा सफलतापूर्व आपरेशन संपन्न किया गया एवं मरीज की दिल की नस पूर्ण रूप से सामान्य हो गई और मरीज बायपास सर्जरी से बच गया। इस प्रक्रिया में कैथलैब टेक्नीशियन जय नारायण मिश्र, सत्यम, मनीष, सुधांशु, फैजल, नर्सिंग स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## नवोदय विद्यालय सिरमौर में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 सितम्बर तक किए जा सकते हैं। प्रवेश के लिए परीक्षा 18 जनवरी 2025 को होगी। विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी जिस जिले का मूल निवासी है और शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उसी जिले में स्थित शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में शिक्षा ग्रहण कर रहा है वह पात्र होगा। प्रत्येक कक्षा में पूर्ण शैक्षणिक सत्र का अध्ययन कर रहे विद्यार्थी जो कक्षा 3 व 4 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा जन्मतिथि 31 जुलाई 2015 से एक मई 2023 के मध्य होनी चाहिए प्रवेश ले सकते हैं।

# मिशन मोड में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें : शुक्ल

### पटवारियों को नक्शा तरमीम के 10 प्रकरण प्रतिदिन निराकरण का लक्ष्य दें : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभाग की छवि सुधारने का अच्छा अवसर राजस्व महाअभियान है। सभी राजस्व अधिकारी मिशन मोड में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। प्रकरण में अनावश्यक पेशियाँ न दें। सभी एसडीएम राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करें। नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन नक्शा तरमीम के 10 प्रकरण निराकृत करने का लक्ष्य दें।



एसडीएम और तहसीलदार इस लक्ष्य की पूर्ति की हर सप्ताह समीक्षा करें। किसानों तथा आमजनता के हितों को सर्वोपरि मानते हुए अपना कार्य करें। लंबे समय तक चलने वाले छोटे से भूमि के विवाद, पारिवारिक कलह और सामाजिक समस्याओं के कारण बनते हैं।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा शहर तथा नजूल क्षेत्र के अनुपलब्ध जमीन के नक्शे प्राप्त करने के लिए आयुक्त भू अभिलेख कार्यालय में प्रयास करें। अभियान के दौरान बटवारे तथा नामांतरण के जो प्रकरण निराकृत हो रहे हैं उनमें तत्काल ही नक्शा तरमीम करा दें। तहसीलदार जमीन के संबंध में पारित आदेशों का पटवारियों से पालन सुनिश्चित कराएं। अभिलेखों में सुधार के प्रकरण भी प्राथमिकता से निराकृत करें। स्वामित्व योजना के तहत जिन क्षेत्रों में ड्रोन सर्वे हो चुका है वहाँ के पात्र हितग्राहियों की सूची बनाकर उन्हें आवासीय भूमि के भू अधिकार पत्र प्रदान करें। राजस्व महाअभियान हमारे लिए चुनौती भी है और कार्य करने का बड़ा अवसर भी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर कलेक्टर शहर की विभिन्न कालोनियों के फ्री होल्ड लीज के प्रकरण निराकृत कराएं।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान की जानकारी देते हुए बताया कि लंबित राजस्व प्रकरणों का तत्परता से निराकरण किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833